राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 134 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को प्रदान किया ज्ञानपीठ पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रेष्ठता के प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि आप अनेक प्रतिभाओं से सम्पन्न हैं तथा आपके योगदान बहुआयामी हैं। आपने शारीरिक दृष्टि से बाधित होने के बावजूद अपनी अंतर्दृष्टि बल्कि दिव्यदृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय साहित्य की सभी भाषाओं में भारतीय मिट्टी की सुगंध स्पष्ट रूप से मौजूद है। यह ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य की इसी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय ज्ञानपीठ के इन दो शब्दों में भारत के लोगों के ज्ञान और परंपराओं की मूल एकता व्यक्त होती है। यह एकता भारत के लोगों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक एकता की अभिव्यक्ति है। वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों की रचनाएं एक जीवंत भारत की धड़कन को दर्शाती हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करेंगे भारतीय सांसद, 10 दिनों के लिए रवाना होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। वहां की सरकार को आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताएंगे। सूत्रों के हवाले से बताया कि विदेश दौरे पर जाने वाले सांसदों की संख्या का अभी पता नहीं चला है। हालांकि, कुछ



नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, बीजद के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलिगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी की सुप्रिया सुले और असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है। विदेश मंत्रालय ने सांसदों को विदेश यात्रा के लिए तैयार रहने को कहा विदेश मंत्रालय (टएअ) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

### पिछली सरकारों ने अपना पक्ष रखने के लिए डेलिगेशन विदेश भेजें

*1994 : विपक्ष के नेता वाजपेयी ने भारत का पक्ष रखा था ये पहली बार नहीं है, जब केंद्र सरकार ने किसी मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी पार्टियों की मदद लेगी। इससे पहले 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने कश्मीर के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय डेलिगेशन को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग भेजा था। उस डेलिगेशन में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और सलमान खुर्शीद जैसे नेता भी शामिल थे। तब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में के सामने एक प्रस्ताव पेश करने की तैयारी में था। हालांकि, भारतीय डेलिगेशन ने पाकिस्तान के आरोपों का जवाब दिया।*

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: सिंह

समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर, श्रीनगर के बाद भुज एयरबेस पर रक्षा मंत्री ने वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में गिराई गई मिसाइलों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी : राजनाथ

**हौसला बढ़ाया**

आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे : राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर स्थगित किये जाने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में स्थित वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। हमारी एयर फोर्स एक ऐसी स्काइफोर्स है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर हाई एनर्जी और हाई जोश देखकर आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं। भुज का यह एयरबेस 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में भी पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है।

आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है, इसलिए यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार और देश की जनता हर कदम पर, हर स्थिति में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके सहयोग से हम इस पूरे क्षेत्र में आतंकवाद का समूल नाश करेंगे, ताकि कल को कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ आंख उठाने की भी हिमाकत न करे। अब हमने साफ कर दिया है कि अगर हमारी संप्रभुता को कोई नुकसान पहुंचाएगा, तो वह प्रहार भी झेलेगा। आतंकवाद का हम मजबूती से और जोरदार तरीके से जवाब देंगे।



### नहीं सुधरेगा पाकः सिंह

निश्चित रूप से आईएमएफ से आने वाले एक बिलियन डॉलर के बड़े हिस्से को इसमें इस्तेमाल किया जाएगा। क्या यह अंतरराष्ट्रीय संस्था से अप्रत्यक्ष वित्तपोषण नहीं माना जाएगा? आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मगर पाकिस्तान फिर से इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाये।

### 'जब सही समय आएगा, तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे'

एक और बात मैं यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अब तक जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। जब सही समय आएगा, तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे। वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन चुकी है। हम आपके साथ मिलकर इस हाइब्रिड और छद्म युद्ध को जड़ से समाप्त करेंगे। आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंकवाद का वित्तपोषण से कम नहीं है।



भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की सहायता देने पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उन्होंने कहा कि भारत नहीं चाहता कि जो फंडिंग हम आईएमएफ को करते हैं, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान या किसी भी देश में आतंकी ढांचा बनाने में इस्तेमाल की जाए। लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

## जस्टिस बेला एम त्रिवेदी 9 जून को रिटायर होंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी के रिटायर होने की तिथि 9 जून है, लेकिन जस्टिस त्रिवेदी ने आज ही अपना अंतिम कार्यदिवस चुना। आज वे चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच की हिस्सा थीं, जहां उन्हें विदाई दी गई। चीफ जस्टिस के कोर्ट में विदाई देने के दौरान सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और उपाध्यक्ष रचना थे। इस पर चीफ जस्टिस गवई ने संतोष जताया कि वे सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से पारंपरिक विदाई समारोह आयोजित नहीं करने के बावजूद कोर्ट में विदाई देने आए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आधुनिक अग्निशमन वाहन और फायर फाइटिंग रोबोट का निरीक्षण किया।

# 24 घंटे सतर्क रहता है मल्टी एजेंसी सेंटर

**मारक क्षमता**

एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया है। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनितिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत खुफिया सूचना जुटाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के बाज, यानी मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) पर गृह मंत्री अमित शाह का खास



फोकस है। ये खुफिया मल्टी एजेंसी सेंटर 24 घंटे बाज की तरह सतर्क रहता है। सेना-सीएपीएफ, एनआईए, ईडी और सीबीआई सहित लगभग 26 केंद्रीय एजेंसियां मल्टी एजेंसी सेंटर में अपने सीक्रेट इनपुट साझा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मैक की कार्यप्रणाली को तेज एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रयास करते रहे हैं। उनके दिशा निदेर्शों पर ही मल्टी एजेंसी सेंटर का दायरा बढ़ाया गया है। मैक के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, नार्को टेरर और उभरते कट्टरपंथी हॉटस्पॉट पर नजर रखने के लिए एसओपी बनाए गए थे। इस केंद्र की मदद से कई अपराधों को होने से पहले ही रोकने में सफलता मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्यों के पुलिस संगठन एवं खुफिया सूचनाएं एकत्रित करने वाली इकाइयों से भी आग्रह किया था कि वे मैक के साथ अधिक से अधिक सूचनाएं साझा करें। इसके बाद ही मैक में खुफिया सूचनाओं के आदान प्रदान की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अगर किसी भी केंद्रीय या राज्य की एजेंसी के पास कोई छोटा मोटा इनपुट है तो वह भी मैक में साझा किया जाता है।

## बंगाल सरकार तीन माह में राज्य कर्मचारियों को दे 25 प्रतिशत डीए : कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य सरकार के कर्मचारियों को 25 फीसदी महंगाई भत्ता देने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली बेंच ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार को तीन महीने के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया। दरअसल, राज्य के कर्मचारियों की याचिका पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने मई, 2022 में राज्य सरकार को केंद्रीय दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान करने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस फैसले को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने कुछ महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा जरुर की है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के महंगाई भत्ते में 37 फीसदी का अंतर बरकरार है।

## इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरू का ही है बेंगलुरु का हरे कृष्ण मंदिर : कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बेंगलुरु स्थित हरे कृष्ण मंदिर इस्कॉन सोसाइटी बेंगलूरू का ही है न कि इस्कॉन सोसाइटी मुंबई का। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए ये आदेश सुनाया। हाई कोर्ट ने बेंगलुरू में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर पर नियंत्रण के लिए इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया था। दरअसल बेंगलुरु के ट्रायल कोर्ट ने 2009 में बेंगलुरु के हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर को बेंगलुरु इस्कॉन का बताया था। इस आदेश को इस्कॉन मुंबई ने कर्नाटक हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने मई 2011 के अपने आदेश में बेंगलुरु के हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर को इस्कॉन मुंबई का बताया था।



# गया शहर का नाम बदला, अब गया जी नाम से जाना जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** गयाजी अबतक हम-आप श्रद्धा से कहते थे, लेकिन अब बिहार के गया जिले का नाम कागज पर भी यही हो गया है। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट से इसपर मुहर लगा दी। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से पौराणिक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के शहर और जिले गया का नाम गयाजी करने का प्रस्ताव लाया गया, जिसे कैबिनेट ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही, पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्य के पूर्व वित्त



मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की जयंती पर 5 जनवरी को राजकीय समारोह होगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने स्वीकृति दी। इसके अलावा कैबिनेट ने एक अहम फैसले में सातवें केंद्रीय वेतनमान के अनुसार वेतन या पेंशन पाने वाले राज्यकर्मियों के डीए में 2% की बढ़ोतरी की है।

**शहीदों के परिजनों को 50 लाख अनुग्रह अनुदान की स्वीकृति**
ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वालों को लेकर पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की थी।

**नीतीश कैबिनेट**

गया का नाम गयाजी, राज्यकर्मियों का डीए बढ़ा, सुशील मोदी की जयंती पर राजकीय समारोह भीर

## आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के बडगाम में शुक्रवार को पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, तीनों प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े हैं। पुलिस ने यूएपीए की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही आगे की जांच शुरू कर दी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजम्मिल अहमद, इशफाक पंडित निवासी अगलर पट्टन और मुनीर अहमद निवासी मीरीपोरा बीरवाह के रूप में हुई है। तीनों को मगाम के कावूसा नरबल इलाके में गिरफ्तार किया गया।

**गुणवत्ता** अब ग्रामीण क्षेत्र की फिरनियाँ, गलियां तथा रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत के कार्य जल्द पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया

# सीएम सैनी ने दी इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक की सीलिंग दरों को बढ़ाने की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने "इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक" की सीलिंग दरों को बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इससे जहां प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी आएगी वहीं कामों में भी गुणवत्ता आएगी। अब ग्रामीण क्षेत्र की फिरनियाँ, गलियां तथा रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत के कार्य जल्द पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों राज्य के सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी से मिला था और "इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक" की सीलिंग दरों को बढ़ाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अब 60 एमएम (एम-35) के "इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक" की सीलिंग दर 9.35 रुपए प्रति ब्लॉक ( बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 10.85 रुपए तथा 80 एमएम (एम-40) के "इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक" की सीलिंग दर 11 रुपए प्रति ब्लॉक ( बिना जीएसटी) से बढ़ाकर 12.57 रुपए प्रति ब्लॉक करने की मंजूरी दे दी है।"

इंटरलोकिंग पेवर ब्लॉक" की नई दरें तय होने के बाद राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की गलियों , रास्तों आदि को पक्का करने एवं मरम्मत करने के कार्यों में तेजी आएगी। इसी उद्देश्य से कुरुक्षेत्र को धर्मनगरी के रूप में वैश्विक पहचान देने हेतु गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया गया है। तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से वृद्धजनों को तीर्थयात्रा की सुविधा दी जा रही है।

**मांग**

पिछले दिनों राज्य के सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला था

## पंजाब स्कूल बोर्ड का दसवीं का रिजल्ट 95.61 फीसदी रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10 की परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार दोपहर बाद जारी कर दिया गया। कुल पास प्रतिशत 95.61 फीसदी रहा है। रिजल्ट की घोषणा के साथ बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर डाउनलोड लिंक भी एक्टिव हो चुका है। छात्र अपना रिजल्ट पर देख सकते हैं। बोर्ड रिजल्ट की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। परीक्षा में लड़कियों का पास प्रतिशत अधिक रहा है। **तीन टॉपर भी लड़कियां है।**

**अशनूर कौर,अतिंदरदीप कौर तथा अर्शदीप कौर ने टॉप किया**
पंजाब बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 1,46,576 लड़कों में से 1,38,517 पास हुए हैं और उनका पास प्रतिशत 94.50 रहा है। जबकि कुल छात्रों में से 1,31,166 लड़कियां थीं, जिनमें से 1,27,029 पास हुई हैं और उनका पास प्रतिशत 96.85 रहा है। तीन लड़कियों ने इस साल पंजाब बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में टॉप किया है, जिनके नाम अशनूर कौर, अतिंदरदीप कौर और अर्शदीप कौर हैं। परीक्षा में कुल 2,77,746 स्टूडेंट्स बैठे थे, जिनमें से 2,65,548 पास हुए हैं। कुल पास प्रतिशत 95.61 फीसदी दर्ज किया गया है। पिछले साल कुल 2,81,098 छात्र दसवीं परीक्षा में बैठे थे और 2,73,348 पास हुए थे।
छात्र ऑनलाइन मार्कशीट देख सकते हैं जबकि फाइनल परमानेंट मार्कशीट को स्कूल से हासिल करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**टॉप किया**

टॉपर भी लड़कियां है। अशनूर कौर, अतिंदरदीप कौर तथा अर्शदीप कौर ने टॉप किया

# पलवल के एसवीएसयू का स्टूडेंट्स कबड्डी लीग में दबदबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, 16 मई (संतोष गर्ग)।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने स्टूडेंट्स कबड्डी लीग के सीजन-5 में अपनी जगह पक्की की है। इस उपलब्धि के साथ विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। चयन प्रक्रिया के पहले चरण में यश भाटी और अमन का चयन हुआ था, जबकि दूसरे चरण में बीटेक के छात्र कुनाल, डिप्लोमा मैकेनिकल के रजत और बीकॉम मैकाट्रॉनिक्स के जयवीर सिंह को टीम में शामिल किया गया है।

**यश भाटी बने चंडीगढ़ बुल्स के कप्तान**

विशेष रूप से, यश भाटी को चंडीगढ़ बुल्स टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। सभी चयनित खिलाड़ी एक जून से सोनीपत में शुरू होने वाले प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लेंगे। इस कैंप में वे अनुभवी प्रशिक्षकों से कबड्डी की बारीकियां और रणनीतियां सीखेंगे। स्टूडेंट्स कबड्डी लीग का आयोजन जून के अंतिम सप्ताह में देश के विभिन्न शहरों में होगा, जहां ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने जताई खुशी**



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह चयन न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय के खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता को भी दशार्ता है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, जिसमें अकादमिक अधिष्ठाता प्रो. सुरेश कुमार, डीन स्किल फैकल्टी प्रो. आरएस राठौड़, खेल निदेशक डॉ. मनी कंवर सिंह और कबड्डी प्रशिक्षक अनिल कटारिया शामिल हैं, ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**गर्व**

यश भाटी को बुल्स टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है

**लीग में शानदार प्रदर्शन का लक्ष्य:** चंडीगढ़ बुल्स के कप्तान यश भाटी ने कहा, "हमारा लक्ष्य लीग में बेहतरीन प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करना है।" उन्होंने प्रशिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन के समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि यह समर्थन उन्हें मैदान पर और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

**खेल के प्रति विश्वविद्यालय का समर्पण:** एसवीएसयू ने हमेशा खेल और शिक्षा के समन्वय पर जोर दिया है। इन खिलाड़ियों का चयन इस बात का प्रमाण है कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है।

## छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल महिला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत** : सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने 26 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ अंकुर ने छेड़खानी की। मामले में महिला ने उसका साथ दिया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निजाम उर्फ नजीर, पुत्र निसार उर्फ नजार निवासी मकान नं. सी-622, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 755/2018 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **निजाम उर्फ नजीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **निजाम उर्फ नजीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 755/2018 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निजाम उर्फ नजीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं.105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6090/OD/2025



**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक** अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **23-05-2025 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32818740001181 | SHAKIR | 9.8 |
| 2 | 32818740001283 | Imran NWAB AHMED | 7.27 |
| 3 | 32818740001066 | Meenakshi Meenakshi | 35.1 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, हरगोविंद एन्कलेव, नई दिल्ली, दिल्ली- 110092 (लैंडमार्क: इंडियन ओवरसीज बैंक) | | | |
| 4 | 32638740000522 | Sunita | 6.39 |
| 5 | 32638740000519 | KOMAL SATPAL | 13.1 |
| 6 | 32638740000404 | KARAN KUMAR | 15.72 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, अपर ग्राऊंड फ्लोर बिल्डिंग नं. के-1, मॉडल टाऊन, दिल्ली- 110009 | | | |
| 7 | 30808730029750 | RAVI KUMAR | 5.05 |
| 8 | 30808730044802 | VINITA V | 10.6 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी नियर, दुर्गापुरी चौक, शाहदरा दिल्ली- 110032 | | | |
| 9 | 30218740002494 | ANKUR AGGARWAL | 63.34 |
| 10 | 30218740002722 | YOGESH YOGESH | 18.64 |
| 11 | 30218740002698 | SHIVANI S | 8.62 |
| 12 | 30218740002685 | SAROJ S | 13.22 |
| 13 | 30218740002662 | KULVINDER Kaur | 31.08 |
| 14 | 30218740002659 | SONU SINGHAAL | 7.71 |
| 15 | 30218740002646 | Lakshmi Devi | 10 |
| 16 | 30218740002607 | FARZANA F F | 11.81 |
| 17 | 30218740002379 | SUNITA S | 14.44 |
| 18 | 30218740002123 | JAGJEET KAUR | 32.75 |
| 19 | 30218740002100 | PARMESHWARI BABU | 32.62 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव, रोहतक रोड़, पीढ़ागढ़ी चौक के नजदीक, मारूति शोरूम के सामने पश्चिम विहार, नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 17-05.2025

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड


## न्यूज फ्लैश

### ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़खालसा के अंतर्गत आने वाले गांव मनौली भैरा बांकीपुर व कुंडली में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. अन्विता कौशिक के मार्गदर्शन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली से दंत चिकित्सक डा?. अनु ने वहां उपस्थित लोगों को बीपी व शुगर से होने वाले नुकसानों तथा इससे बचाव के लिए समय पर जांचों के बारे में बताया। एजुकेटर राजेश कुमार ने बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए जल्दी पंजीकरण, टीकाकरण तथा साफ सफाई के फायदे बताए। डा. अन्विता ने इन गांव में लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए तथा समाज का संतुलन बनाए रखने के लिए बेटा बेटी को एक समान समझते हुए, कन्या भ्रूण हत्या रोकने की हार्दिक व मार्मिक अपील की।इस मौके पर डा. चेतन, डा. सीताराम, डा. रेनू, आशा कोऑर्डिनेटर शीला, एएनएम नीतू, मंजू, निशा, राकेश, आशा वर्कर अंजू ,सुनीता ,अनीता, आंगनवाड़ी वर्कर, मनौली सरपंच धर्मवीर शर्मा, समाजसेवी ताहर सिंह, भैरा बाकिपुर से जयराम शर्मा आदि अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व बीच-बचाव करने आए उसके भाई से मारपीट

**सोनीपत**: कुंडली थाना क्षेत्र के गांव मनौली में गाली-गलौज का विरोध करने व बीच-बचाव करने आए उसके भाई से मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मनौली निवासी विकास ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। गत 12 मई को वह रात करीब नौ बजे अपने घेर में पंखा लेने जा रहा था। दोनों को घायल कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूटी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत**: सदर थाना क्षेत्र के खरखौदा-सोनीपत रोड पर नंदी गौशाला के पास चार युवकों ने एक डिलीवरी ब्वाय से लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूटपाट करने आए बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपित वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सिरी बिहार हाल में न्यू कबीरपुर निवासी सुशील मिश्रा ने बताया कि वह किराए के मकान में रहता है और डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कार्य करता है। गत 14 मई की रात करीब 10 बजे वह खरखौदा से सोनीपत आ रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार चार युवकों ने उसकी बाइक रुकवा ली। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और उसके पास से 15,800 रुपये नकद और एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि अंधेरा अधिक होने के कारण वह हमलावरों को पहचान नहीं सका।

पुलिस का कहना है कि आरोपितों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपितों की पहचान कर ली जाएगी।

### ट्रक ने ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर, दो कालोनियों की बिजली बाधित

**सोनीपत**: सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के देवडू बाईपास पर क्रिकेट स्टेडियम के सामने एक ट्रक ने बिजली निगम के एच-पोल, ट्रांसफार्मर और टावर को टक्कर मार दी, जिससे आसपास की दो कालोनियों की बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित हो गई। हालांकि बिजली कर्मियों ने दिन के समय बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया था। बिजली निगम के एसडीओ ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मई की रात करीब 1:30 बजे एक ट्रक ने तेज गति में आकर एच-पोल, 25 केवीए ट्रांसफार्मर, लोहे के टावर और करीब 600 मीटर तार को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ ने मांग की है कि ट्रक चालक से निगम के नुकसान की भरपाई करवाई जाए।

### अदालत ने दो आरोपितों अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत** : एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पंकज उर्फ पंक्कू हांसी हिसार व गोपाल निवासी प्रयागराज यूपी हाल में हिसार का है।

## होटल से पुलिस ने चलन में बंद हो चुकी लाखों रुपये की राशि की बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल,(संतोष गर्ग)।** होडल के विधायक हरिंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचारों को रोकने के लिए बनाए अधिनियम, 1989 के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए बनाई गई जिला स्तरीय सतर्कता निगरानी समिति की समीक्षा बैठक ली। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बैठक में विधायक को प्रशासनिक स्तर पर की गई गतिविधियों से अवगत कराया।

बैठक में विधायक हरिंद्र सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त मामलों पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही पीड़ित परिवार या व्यक्ति को अविलंब सहायता राशि का भुगतान करें। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि अत्याचार निवारण से संबंधित शिकायत




प्राप्त होने वाले केस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए। विधायक ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत पीड़ित के आवेदन पर जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान करें ताकि पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने बैठक में विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी हरियाणा सरकार की ओर से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि इन वर्गों के लोग योजना का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त मनीषा शर्मा, एसडीएम ज्योति, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, जिला कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक नवीता, उप अधीक्षक योगिता रानी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कमेटी सदस्य आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ व धमकी देने के दोषी को चार साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 16 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने चार जुलाई 2024 को मोहाना थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी घर पर मौजूद थी। उसके छोटे बच्चे घ्झर से खेलने के लिए गए हुए थे। उसका पड़ोसी धर्मबीर उसके घर में घुस आया। उसकी नाबालिग बेटी घर पर मौजूद थी। धर्मबीर ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। उसकी टी-शर्ट को फाड़ दिया। उसके छोटे बच्चे घर पर आ गए। धर्मबीर किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने लड़की के अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित धर्मबीर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने 8


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई निविदा सं.:** सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-578
**दिनांक:** 15.05.2025

**शुद्धि पत्र संख्या- 1**

पूर्व में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या SIG-WS-Contract-578 दिनांक 09.05.2025 में कार्य के नाम में उल्लिखित **'जिगना'** शब्द को **'झिंगुरा'** पढ़ा जाए। विस्तृत शुद्धिपत्र संख्या 1 वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के महाप्रबंधक कार्यालय, बेतवा बिल्डिंग, सूबेदारगंज, प्रयागराज के उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **दिनांक 02.06.2025** को **अपराह्न 15:00 बजे** तक निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें उसी दिन **अपराह्न 15:30 बजे** खोला जाएगा। निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **812/25(A)**

North central railways | @CPRONCR



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 07/ ईटी/2025-26 दिनांक: 15.05.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01245005ए | कनटिन्यूअस कास्ट राउड | 500 एमटी | 09/06/2025 |
| 02 | 11241361 | रूफ सीटिंग कम्पलीट फॉर एलडब्लूएससीएन कोचेज (सीआरएफ) | 164 सेट | 03/06/2025 |
| 03 | 04241182बी | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ वन रैक सेट ऑफ आईसी डोरस फॉर ट्राससेट कोचेज | 07 सेट | 12/06/2025 |
| 04 | 01241259ए | फैरिटिक स्टील 8x1250x3000एमएम | 27245 किग्रा | 06/06/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 01/ईटी/2025-26 दिनांक: 16.04.2025 | टैन्डर नं0 04251043 | निविदा खुलने की तिथि 15/05/2025 स्थान पर तिथि 30/05/2025 पढ़े |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी

**ई-नीलामी नोटिस**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज में स्क्रैप सामग्री विभिन्न आकार एवं साइज के (स्क्रैप ऑफ ईएन स्टील, स्क्रैप ऑफ कार्टेन स्टील, स्क्रैप ऑफ ऑस्टिनेटिक स्टील, स्क्रैप ऑफ फैरेटिक स्टील, स्केल्टन ऑफ डिफरेंट शेप एंड साइज, टर्निंग बोरिंग स्क्रैप ऑफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट एवं मिसलेनियस अदर फेरस एवं नॉन फेरस स्क्रैप, लो वैल्यू स्क्रैप और, मिक्सड वेस्ट स्क्रैप आदि) की ई-नीलामी नीचे दिये गये शैड्यूल के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in के द्वारा दोपहर 11:30 बजे पर की जायेगी।
ई-नीलामी की तिथि: जून- 2025 से जुलाई- 2025 तक।

| माह | जून | जुलाई |
|---|---|---|
| दिनांक | 12,19 और 26 | 10, 17 और 24 |

इच्छुक खरीदार स्क्रैप मैटेरियल का निरीक्षण कार्य अवधि में कर सकते है। खरीदार को ई-नीलामी में भागीदारी के लिये IREPS e-auction module पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उपरोक्त मद के लिये रजिस्ट्रेशन, अग्रिम धन का भुगतान एवं ई-नीलामी में भागीदारी से संबन्धित और अधिक जानकारी के लिये उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/शैल डिपो/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज 229120 से संपर्क किया जा सकता है।

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/शैल डिपो

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**में ईश्वर पुत्र मगत राम निवासी पबनेरा तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्प से निम्न बयान करता हूं। सौरभ मेरा पुत्र है वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं सागर को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मै जोकि ओमप्रकाश पुत्र पूर्ण निवासी गांव बिचपड़ी तहसील गोहाना ,जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हु और अपने हल्फ से बयान करता हु कि पवन मेरा पुत्र है। वह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं पवन को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में पवन से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# व्यापारियों ने देशभक्ति का परिचय दिया: सीएम रेखा गुप्ता





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यापारियों द्वारा तुर्किये की वस्तुओं के बहिष्कार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ और आतंक के समर्थक देशों के साथ व्यापार और संबंध बंद होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों ने तर्किये के सेवों का बहिष्कार करके अपनी देश भक्ति का परिचय दिया है। यह बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को आजादपुर मंडी का निरीक्षण करने के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान दिल्ली के श्रम कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की सभी मंडियों की हालत बहुत दयनीय है। इन मंडियों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।




पिछले 10-15 सालों से इन मंडियों में कोई काम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने मंडियों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। उन्होंने कहा कि हजारों मजदूर और सैकड़ों व्यापारी इन मंडियों में काम करते हैं लेकिन फिर भी यहां न सफाई, न सड़क, न सुरक्षा व्यवस्था है। इन मंडियों में विकास का कोई काम नहीं हुआ है। दिल्ली को लंदन पेरिस बनाने का दावा करने वाली आआपा सरकार ने इन मंडियों को कूड़दान बनाया था। मुख्यमंत्री ने आजादपुर मंडी का निरीक्षण करने के दौरान व्यापारियों, किसानों और आढ़तियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि अब मंडियों का आधुनिकीरण होगा एवं सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की मंडियां सुव्यवस्थित, सुरक्षित और किसान हितैषी बनें।

## मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस की अत्याधुनिक मशीनों का निरीक्षण किया

*टीम एक्शन इंडिया*
*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में फायर सर्विस की ऑटोमेटेड रोबोटिक मिस्ट ओमनी यूटिलिटी रक्षक (आर्मर) एवं फायर फाइटिंग रोबोट मशीनों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी एक्स पर साझा की। उन्होंने कहा कि ये अत्याधुनिक मशीनें दिल्ली फायर सर्विस को और अधिक सक्षम एवं सुरक्षित बनाएंगी। इनकी सहायता से*



*कठिन परिस्थितियों में भी आग पर काबू पाना संभव होगा, जिससे दमकल कर्मियों की जान को कम खतरा रहेगा। सरकार नवीनतम तकनीक का उपयोग करके जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार आग की घटनाओं को लेकर बेहद सतर्क है। इसके लिए फायर सर्विस को अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने बजट में फायर सर्विस के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें से 125 करोड़ रुपये से नए उपकरण खरीदे जाएंगे।*



**निरीक्षण**

- व्यापारियों ने तुर्किये के सेबों का बहिष्कार करके देश भक्ति का परिचय दिया : मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रम मंत्री कपिल मिश्रा के साथ किया आजादपुर मंडी का निरीक्षण



दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविंद्र सिंह नेगी को सीएम रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रीगण ने जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

## खिचड़ीपुर में अवैध सट्टा अड्डे को प्रशासन ने ध्वस्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पटपड़गंज विधानसभा के खिचड़ीपुर क्षेत्र में अवैध रूप से झोपड़ी में चल रहे सट्टा अड्डे को आज प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। स्थानीय भाजपा विधायक रविंद्र नेगी इसकी जानकारी एक्स पर साझा की। विधायक रविंद्र नेगी ने बताया कि बीते दिनों पकड़े गए सट्टेबाजों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक अड्डे को गिराने की कार्रवाई नहीं है, यह एक संदेश है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## सिरसा-सूद ने किया कैरियर मार्गदर्शन मेले का उद्घाटन

- "सीएम रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में कैरियर मार्गदर्शन परामर्श मेले का उद्घाटन किया। मंत्री मनिजंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर यह जानकारी साझा की। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर कहा कि यह पहल जागरूकता, कौशल विकास और सूचित विकल्पों के माध्यम से हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली एक




उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सेवा और सीखने में इतनी गहराई से निहित जगह पर इस तरह के सार्थक कार्यक्रमों की मेजबानी करने के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी को बधाई। मंत्री आशीष सूद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा सुविधाएं प्रदान करती हैं। वे छात्रों को उनकी प्रतिभा की पहचान करने और भविष्य की शिक्षा के लिए परामर्श देने के लिए हर साल करियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित करते हैं। आशीष सूद ने इस मौक पर छात्रों से संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

**दृष्टिकोण**

- सूचित विकल्पों के माध्यम से हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है

## सिख दंगा: टाइटलर के खिलाफ जीके का क्रॉस एग्जामिनेशन किया

**सुनवाई**

- स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 4 जून को करने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के दर्ज मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके का क्रास एग्जामिनेशन किया गया। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 4 जून को करने का आदेश दिया। इसके पहले 4 अप्रैल को मंजीत सिंह जीके ने अपना बयान दर्ज कराया था। इसी दिन कोर्ट ने सीबीआई की दूरदर्शन के उप महानिदेशक, आर्काइव को इंदिरा



गांधी बॉडी लाइंग इन स्टेट संरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग मंजूर कर ली थी। 18 मार्च को फोरेंसिक विभाग के सीनियर साइंटिफिक अफसर अमितोष कुमार का बयान दर्ज के बयान दर्ज किए गए थे। 28 जनवरी को टाइटलर के आवाज के नमूने रिकॉर्ड करने वाले फोरेंसिक लेबोरेटरी के अधिकारी का बयान दर्ज किया गया था। कोर्ट में जगदीश टाइटलर के रिकार्डेड आवाज के नमूने को कोर्ट में प्ले किया गया था। इस मामले की शिकायतकर्ता लखविंदर कौर का क्रास-एग्जामिनेशन 12 नवंबर, 2024 को किया गया था। लखविंदर कौर ने कहा था कि ग्रंथी सुरेंद्र सिंह ने उन्हें बताया कि उनके पति बादल सिंह को गुरुद्वारा पुलबंगश के पास भीड़ ने हत्या कर दी। जगदीश टाइटलर उस भीड़ को उकसा रहे थे और कह रहे थे कि सिखों को मार दो, उजाड़ दो, गुरुद्वारा को आग लगा दो। टाइटलर ने राऊज एवेन्यू की ओर से आरोप तय करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जो अभी लंबित है।

## पुलिस ने शातिर ठग को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग ओम प्रकाश सांवारिया (46) को गिरफ्तार किया है। आरोपित अब तक दस मामलों में शामिल रहा है। जांच में पता चला है कि आरोपित केवल सैन्यकर्मियों को निशाना बनाकर ठगी करता था। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित ने एक फर्जी वेबसाइट के जरिए 19 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार, एक सेना के जवान ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।




## कैट ने तुर्किये के साथ व्यापार के बहिष्कार का किया ऐलान

- व्यापारियों ने तुर्किये-अजरबैजान के साथ कारेबार के बहिष्कार का लिया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शुक्रवार को तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का ऐलान किया। कैट द्वारा राजधानी नई दिल्ली के होटल ललित में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से दोनों देशों के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का संकल्प लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि देश के 24 राज्यों से आए 125 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय




व्यापारी सम्मेलन में तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का निर्णय लिया है। इस सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन और कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और अन्य कारोबारी नेता मौजूद थे। खंडेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए हुए 125 से ज्यादा शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया है कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है। व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्किये और अजरबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें। यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसे फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अजरबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा। कैट महामंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन सभी ताकतों का सख्ती से विरोध करने का संकल्प लिया जो भारत के खिलाफ खड़ी हैं।

# भगवान कृष्ण के कर्म के संदेश अपनाएंः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में किया कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव को सम्बोधित
- गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के जन्मदिवस पर आयोजित उत्सव में मुख्यमंत्री ने लिया संतजनों से आशीर्वाद

**आह्वान**

- युवाओं कोआध्यात्मिक ज्ञान और भगवान कृष्ण के कर्म के संदेश को अपनाना चाहिए: सीएम





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में आज हमारी युवा पीढ़ी को आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति से दूर नहीं होना चाहिए। युवाओं को जीवन में संतुलन स्थापित करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और भगवान कृष्ण के कर्म के संदेश को अपनाना चाहिए।

मुख्यमंत्री वीरवार को देर शाम गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली पार्किंग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता व देशभर से संत समाज और भजन गायकों ने भी शिरकत की।

**जब भी समय मिले, गीता के दो श्लोक जरूर पढ़ें**

मुख्यमंत्री ने देश भर से पहुंचे संत समाज, हरियाणा की बेटी व दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का प्रदेश में आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर या उद्यमी बनें, लेकिन जीवन में प्रेम और त्याग की भावना को जरूर रखें। जब भी समय मिले, गीता के दो श्लोक अवश्य पढ़ें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आने वाली पीढ़ियां भारतीय संस्कृति को केवल पुस्तकों में नहीं, जीवन में भी आत्मसात करें।

**ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम की भूमि केवल एक आधुनिक शहर नहीं है, यह महाभारत काल से लेकर आज तक सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। यहीं से गुरु द्रोणाचार्य ने शिष्यों को धर्म और युद्ध की शिक्षा दी। संतों ने हमेशा अहिंसा का मार्ग दिखाया, लेकिन कई बार हमारी सहनशीलता को हमारी कमजोरी समझ लिया गया। जिसका जवाब हमने रौद्र रूप धारण कर भी दिया। बीते दिनों पहलगाम में कायराना हरकत हुई तो हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में आतंकियों का सीमा पार जाकर नाश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सैन्य अभियान राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बन गया।

**भौतिक विकास के साथ आध्यात्मिक चेतना का भी उत्थान**

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को साधुवाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से आज दुनिया भर में श्रीमद्भगवत गीता के ज्ञान की धारा अविरल बह रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार केवल विकास के भौतिक आयामों तक सीमित नहीं है। हम चाहते हैं कि हरियाणा में आध्यात्मिक चेतना का भी उत्थान हो। इसी उद्देश्य से कुरुक्षेत्र को धर्मनगरी के रूप में वैश्विक पहचान देने हेतु गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया गया है। तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से वृद्धजनों को तीर्थयात्रा की सुविधा दी जा रही है।

## सीएम सैनी व उनकी टीम का सहयोग के लिए आभारः रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उनकी टीम से मिले सहयोग को लेकर आभार जताया। उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आपका जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों और भगवद्गीता के सार्वकालिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए समर्पित है। आपकी वाणी में



केवल शब्द नहीं, अपितु आध्यात्मिक ऊर्जा, संतुलन और जीवन-दर्शन प्रवाहित होता है, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, कृष्ण कुमार बेदी, राज्य मंत्री राजेश नागर और गौरव गौतम, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती रेनू भाटिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# कृष्ण बेदी ने सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता

**समीक्षा**

- अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े मामलों की गई समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एससी/एसटी एक्ट के तहत लंबित व अनट्रेस मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु विशेष टीम का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी नशा मुक्ति केंद्र को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तथा जिला स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। बेदी शुक्रवार को लघु सचिवालय हिसार स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की अनुपालना को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि एक फरवरी से 30 अप्रैल तक 46 पीड़ितों को एससी/एसटी एक्ट के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने लोक अभियोजकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अदालत में चालान प्रस्तुत करते समय सभी आवश्यक तथ्यों और जानकारियों का उल्लेख करें।

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय शगुन योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 254 नवविवाहित जोड़ों को 6 करोड़ 35 लाख रुपये की सहायता दी गई है। इसके अलावा, एससी कल्याण हेतु अभिनव कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 6 पंचायतों को 3 लाख रुपये व 2024-25 में एक पंचायत को 50 हजार रुपये की राशि वितरित की गई। स्कूल व कॉलिज स्तर पर अस्पृश्यता निवारण हेतु सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। बेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु चलाई जा रही हैं।

## एमडीयू ने घोषित किये विभिन्न परीक्षाओं के रिजल्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-मनोविज्ञान प्रथम सेमेस्टर फ्रेश एनईपी 2020, एमबीए एनईपी प्रथम साइकोलॉजी एनईपी प्रसेमेस्टर फ्रेश, एमबीए एजीक्यूटिव इवनिंग एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए पंच वर्षीय एनईपी प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

## सहकारिता मंत्री ने परिवेदना समिति की बैठक में सुनी जन-समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि। यह कार्य वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। डॉ. अरविंद कुमार शर्मा नारनौल में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व निर्धारित 14 मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उनिंदा गांव निवासी बलवान सिंह की शिकायत पर बोलते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से चिह्नित की गई खतरनाक बिजली लाइनों के टेंडर खुल चुके हैं, ऐसे में कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। ग्राम पंचायत बचीनी द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत पर उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के 18 मई के प्रस्तावित दौरे के उपरांत इस कार्य को पूर्ण करवाया जाए। खटोटी सुल्तानपुर निवासी मोतीलाल की शिकायत पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि संबंधित मामले में 24-ए के तहत नोटिस जारी किए जा चुके हैं और अवैध कब्जे शीघ्र ही हटाए जाएंगे। सहकारिता मंत्री ने परिवेदना समिति पर नागरिकों को पूर्ण विश्वास है। इस अवसर पर नारनौल विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी की विधायक श्रीमती मंजू चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष यतेन्द्र राव, उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा वशिष्ठ तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**समिति बैठक**

- महेंद्रगढ़ जिले में चिन्हित की गई खतरनाक 11/33 केवी की 504 बिजली लाइनों को घरों के ऊपर से हटाया जाएगा

## नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक 24 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में भाग लिया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आगामी 24 मई को नई दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक और 5वें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक का विषय ह्यविकसित भारत/2047 के लिए विकसित राज्यह रहेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस बैठक में शामिल होंगे।

आज इसकी तैयारियों को लेकर हुई बैठक में औद्योगिक विकास, सामाजिक समावेश, पर्यावरणीय स्थिरता और डिजिटल शासन के लक्ष्यों को अमलीजामा पहनाने में सहयोगात्मक संघवाद के महत्व पर जोर दिया गया। बैठक का एजेंडा आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल बदलाव और स्थिरता समेत विकास के विभिन्न प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित होगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, गृह सचिव श्रीमती गीता भारती, निगरानी एवं समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी, सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खंगवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खेल भूमि हरियाणा, जहां गाँव- गाँव से निकलते हैं चैंपियन

**गौरवान्वित**

- हरियाणा : सिर्फ राज्य नहीं, देश का स्पोर्ट्स इंजन, हरियाणा की खेल नीति के आ रहे सकारात्मक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह भारत के खेल मानचित्र पर केवल एक राज्य नहीं, बल्कि खेल प्रतिभा की धुरी है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने हालिया राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित किया है। हरियाणा वह भूमि है जहां खेल केवल शौक नहीं, जीवन का हिस्सा है। हमारे गांवों में खेल प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है, और हर घर से एक खिलाड़ी निकल रहा है जो देश का नाम रोशन कर रहा है। राज्य अब भारत के लिए खेलों का इंजन बन चुका है।

**सरकार की नीति, मैदान में दिख रहा असर**

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की व्यवस्थित और दूरदर्शी खेल नीति के चलते खिलाड़ियों को अब बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षक और अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। हाल ही में सरकार ने खेल बजट में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए अनेक नई योजनाओं को लागू किया है, जिनमें मिशन ओलंपिक ह्र 2036 के तहत दीर्घकालिक एथलीट विकास, खेल नर्सरी की स्थापना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार, खिलाड़ियों को बीमा और नकद पुरस्कार की मजबूत योजनाएं, खेल अवसंरचना का तेजी से आधुनिकीकरण शामिल है।

**हरियाणा की खेल नीति के आ रहे सकारात्मक परिणाम**

प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से युवाओं के खेल कौशल को और निखारने के लिए देशभर में खेलो इंडिया की शुरुआत की, जिसके चलते खेलों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। हाल ही में संपन्न हुए खेलो इंडिया के सातवें संस्करण में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 117 पदक अपने नाम किए और प्रदेश का नाम रौशन किया। 39 गोल्ड मेडल के साथ हरियाणा पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। यह हरियाणा सरकार की बेहतरीन खेल नीति का ही परिणाम है कि लगातार खेल टूर्नामेंट्स में प्रदेश के खिलाड़ी अपना परचम लहरा रहे हैं।

**गांव से ग्लोरी तकः हरियाणा का सफर**

हरियाणा के युवा आज एथलेटिक्स, कुश्ती, हॉकी, बॉक्सिंग और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं में लगातार देश को गौरव दिला रहे हैं। राज्य का योगदान ओलंपिक, एशियन गेम्स और अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भी उल्लेखनीय रहा है। हरियाणा की मिट्टी में मेहनत और अनुशासन का संगम है। हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को उनके सपने पूरे करने के लिए हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करवा रही है।

**भविष्य की दिशा हरियाणा का खेल विजन**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में हरियाणा न केवल खिलाड़ियों की संख्या में, बल्कि गुणवत्ता और पदकों के मामले में भी देश का सबसे अग्रणी राज्य बने। खेल हरियाणा के हर बच्चे की शिक्षा और जीवन शैली का हिस्सा बने, इस ध्येय के साथ सरकार काम कर रही है।

## निकाय विभाग के मुख्यालय स्थित कार्यकारी अभियंता निलंबित

**एक्शन**

- परिवार पहचान पत्र में फर्जी नाम जोड़ने पर सख्त निर्देश, जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** जन शिकायतों के त्वरित समाधान और शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में, हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार की अध्यक्षता में जन संवाद पोर्टल एवं सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग एवं सिटीजन रिसोर्स इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया एवं राकेश संधू उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया ने जानकारी दी कि जो आवेदन माननीय मुख्यमंत्री स्वयं अपने दौरों अथवा संत कबीर कुटिया में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त करते हैं, उन्हें जन संवाद पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इन प्रकरणों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है। इसके बाद करनाल जिले के टिकरी गांव से प्राप्त एक गंभीर शिकायत पर चर्चा की गई, जिसमें परिवार पहचान पत्र में एक अज्ञात महिला का नाम गलत तरीके से जोड़ दिया गया था। शिकायतकर्ता सुशील कुमार द्वारा बार-बार प्रयास करने के बावजूद नाम नहीं हटाया गया। इस गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए निर्देश दिए गए कि दोषी व्यक्ति की जिम्मेदारी तय कर उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इस बैठक के दौरान अधिकारियों के संज्ञान मे एक मामला आया जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में कई किश्तें वह्न्ह अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने के कारण लंबित हैं। इस विषय में डॉ. साकेत कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए लंबित लाभार्थी सूची प्रस्तुत करने एवं शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शिकायतों की अत्यधिक लंबित संख्या पाए जाने पर विभाग के मुख्यालय में तैनात कार्यकारी अभियंता को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी संज्ञान के लिए लंबित प्रकरणों में मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, एक औपचारिक परामर्श भी जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि जन संवाद पोर्टल और सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एमडीयू को इन्नोवेटिव फूड ट्रक डिजाइन के लिए मिला पेटेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) ने एक अद्वितीय फूड ट्रक डिजाइन के लिए पेटेंट हासिल करके अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। प्रो. आशीष दहिया, साहिल सरन और मंदीप फौगाट द्वारा विकसित बौद्धिक संपदा को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के तहत पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क के महानियंत्रक द्वारा आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया है।

## आयोगों और प्राधिकरणों की कार्यवाही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जरूरी

**निर्देश**

- आयोगों व प्राधिकरणों की कार्यवाही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा अपनाने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेशभर में अर्ध-न्यायिक निकायों के रूप में कार्यरत आयोगों व प्राधिकरणों की कार्यवाही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा अपनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी संबंधित प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा कि न्याय प्रशासन विभाग ने नामित कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं की स्थापना को अधिसूचित किया है। इन सुविधाओं का उपयोग अब अर्ध-न्यायिक निकायों के तौर पर कार्यरत सभी आयोगों और प्राधिकरणों की कार्यवाही में सरकारी अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थिति के लिए किया जाएगा। यह कदम नव अधिनियमित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुरूप है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 336 के तहत कुछ मामलों में लोक सेवकों, विशेषज्ञों, पुलिस अधिकारियों के साक्ष्य और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 530 के तहत जांच और कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक मोड में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने "उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य बनाम सर्वोच्च न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का संघ और अन्य" शीर्षक से विशेष अनुमति याचिका (सी) संख्या 8575-8576 ऑफ 2023 को सिविल अपील संख्या 23-24 ऑफ 2024 में, एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है।

## कैथल जिले के जठेरी गांव में सरकार शुरू करेगी प्राकृतिक खेती का पायलट

**पायलट प्रोजेक्ट**

- प्राकृतिक खेती का पायलट प्रोजेक्ट कैथल जिले के पुंडरी विधानसभा क्षेत्र स्थित जठेरी गांव में शुरू किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में प्राकृतिक खेती का पायलट प्रोजेक्ट कैथल जिले के पुंडरी विधानसभा क्षेत्र स्थित जठेरी गांव में शुरू किया जाएगा जहां कृषि और किसान कल्याण विभाग की 53 एकड़, 4 कनाल और 19 मरला भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत लाया जाएगा। यह भूमि पट्टेदारों को पट्टे पर दी जाती रही है, । अब केवल प्राकृतिक खेती के लिए उपयोग की जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को इस संबंध में ऐतिहासिक निर्णय को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ और आर्थिक रूप से व्यवहार्य प्रथाओं को बढ़ावा देकर किसानों को सशक्त बनाने और दीर्घकालिक कृषि समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के तहत, मौजूदा पट्टेदार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाली इस महत्वपूर्ण योजना के लाभार्थी बनने के पात्र होंगे। उन्हें प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समर्थन भी दिया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार आवश्यक मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सहायता भी प्रदान करेगी। इस पायलट परियोजना की सफलता के बाद, योजना को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा और इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा, ताकि हरियाणा देशभर में प्राकृतिक खेती सहित कृषि प्रथाओं में अग्रणी राज्य बन सके। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद जीवन और दीर्घायु की कामना करती हूँ।

## बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह हैंः शैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आज भारत में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी दर गहरी चिंता का विषय है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में देश की औसत बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 6.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर्ज की गई है। युवा हाथों में डिग्रियां लेकर भटक रहा है पर पद रिक्त होते हुए भी सरकार नौकरी देने से पीछे हट रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए उस वादे की याद दिलाई जिसमें हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां



**साधा निशाना**

- अप्रैल 2025 में देश की औसत बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4.5 प्रतिशत थी

ने की बात कही गई थी। कुमारी सैलजा ने कहा, अगर 2014 से अब तक हर साल दो करोड़ नौकरियां दी गई होतीं, तो 11 वर्षों में देश के 22 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल चुका होता और आज बेरोजगारी जैसी कोई समस्या नहीं रहती। न केवल बेरोजगारी समाप्त होती, बल्कि भारत एक विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होता। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए कि अब तक कितने करोड़ युवाओं को वास्तव में नौकरी दी गई है? और क्या सरकार नेताओं के झूठे वादों से गुमराह करने की जिम्मेदारी लेगी? सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह युवाओं के लिए ठोस, पारदर्शी और समयबद्ध रोजगार योजनाएं लागू करे। साथ ही सुझाव दिया कि केंद्र को तुरंत सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरना चाहिए और लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर पैदा करने चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि सच्चाई तो ये है कि देश का युवा आज सबसे बड़ा पीड़ित है। रोजगार नहीं, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। ऐसे में जुमलों की राजनीति नहीं, जमीनी परिणाम चाहिए। कुमारी सैलजा ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस युवाओं के हक की लड़ाई हर मंच पर लड़ेगी और उनकी आवाज को दबने नहीं देगी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में बेरोजगारी दर ज्यादा है। अप्रैल महीने में बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी रही है। इसमें पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 फीसदी रही, जबकि महिलाओं में यह दर 5 फीसदी रही। आंकड़ों के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12.3 फीसदी दर्ज की गई। वहीं, 15-29 उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 फीसदी रही।

# आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में नजर आया कुरुक्षेत्र के हर वर्ग का जोश और जज्बा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** देश के वीर जवानों की गरिमा, शौर्य, पराक्रम और आत्मसम्मान को सलाम करने के लिए कुरुक्षेत्र में आप्रेशन सिंदूर यात्रा के दौरान बच्चें, बुर्जुग,महिला और नौजवानों का जोश और जज्बा देखने को मिला है। इस आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके देश के जवानों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने का काम किया। इस तिरंगा यात्रा का शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यह सिंदूर तिरंगा यात्रा सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी और उपायुक्त नेहा सिंह के नेतृत्व में निकाली गई।

आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवा, बुर्जुग और भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता थीम पार्क में एकत्रित होना शुरू हो गए थे। इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रत्येक नागरिक के हाथ में भारत की आन-बान-शान तिरंगे को देखा जा सकता था। सांसद नवीन जिंदल और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थीम पार्क से आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।

यह तिरंगा यात्रा थीम पार्क, सैनी समाज धर्मशाला, महाराणा प्रताप चौक, मेन बाजार, सिकरी चौक, कच्चा घेर, अंबेडकर चौक से होती हुई छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब पर सम्पन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम अमन कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, निदेशक हरपाल सिंह चीका, चेयरमैन जय सिंह पाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी,भाजपा के प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, परमजीत कौर कश्यप, रेनू खुंगर, अन्नू माल्यान ने प्रमुख रूप से अगुवाई की।

**शुभारंभ**

**सांसद नवीन जिंदल और सुभाष सुधा ने थीम पार्क से आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।**

सांसद नवीन जिंदल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी और इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है।

सांसद ने कहा कि हमारे सैनिकों ने राष्ट्र को जख्म देने वालों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत माता की आन-बान और सम्मान के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगे को झुकने नहीं दिया। यह तिरंगा यात्रा भारत माता के गौरव का उत्सव है। यह राष्ट्र के आत्मसम्मान और शौर्य का उत्सव है। यह हमारी राष्ट्रीय चेतना, एकता और स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। यह उन रणबांकुरों को समर्पित है, जिन्होंने दुश्मन को उसकी भाषा में जवाब दिया। यह हमें हर क्षण देशभक्ति की प्रेरणा देता है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को अंजाम दिया, वह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा।

# मजार को हटाने के लिए हिंदू संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पंचायत भवन के सामने सैक्टर-७ में मजार के अवैध निर्माण को हटवाने के लिए आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संगठनों ने मिलकर एसडीएम दर्शन कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होने कहा कि पंचायत भवन के सामने जो अवैध मजार का निर्माण किया गया है उसके एक हिस्से को प्रशासन ने पहले ही हटवा दिया है। जबकि दूसरे हिस्से के लिए मजार के लोगों ने कोर्ट का हवाला दिया था। अब यह मामला कोर्ट में खारिज कर दिया गया है इसके बाद प्रशासन जल्द ही इसे हटाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में इस मजार के अलावा जितनी भी अवैध मजार बनी हुई हैं, उन पर भी जल्द कार्रवाई को लेकर संगठन रणनीति बनाएगा। उन्होने कहा कि इस प्रकार कोई भी अतिक्रमण बर्दाशत नही किया जाएगा। पहले भी वह अतिक्रमण को लेकर अंबाला में कई बार प्रदर्शन कर चुके है। यदि अभी भी समय रहते प्रशासन सचेत नही हुआ तो आने वाले समय सघर्ष और तेज होगा।

**ज्ञापन सौंपा**

**अब यह मामला कोर्ट में खारिज कर दिया गया है इसके बाद प्रशासन जल्द ही इसे हटाएगा।**

## संक्षिप्त खबरें

### खरखौदा में दुकानदार को लाठी-डंडो से पीटा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा के गोपालपुर मोड़ पर एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार पर चार नकाबपोश युवकों ने लाठी डंडों से हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपी स्कॉर्पियो गाड़ी में आए थे और वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

जिला सोनीपत के खरखौदा के गोपालपुर मोड पर बिजली के सामान की दुकान चलाने वाले सुनील कुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि वह वार्ड नंबर 4 खरखौदा में रहता है। उन्होंने बताया कि वह अपनी मित्तल इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान में अपने सहकर्मी धर्मबीर सैनी के साथ बैठे थे। दोपहर करीबन 3 बजकर 20 मिंट पर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो, जिसके शीशे काले थे और नंबर प्लेट कपड़े से ढकी हुई थी, दिल्ली चौक की तरफ से आकर दुकान के सामने रुकी। जिसमें से 4 युवक मुंह ढके हुए और हाथों में लकड़ी के डंडे लेकर दुकान में घुस आए। उन्होंने अचानक हमला कर दिया और पीड़ित को पीट-पीटकर घायल कर दिया। वही इसके बाद हमलावर कुछ ही देर में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सुनील कुमार उपचार के लिए तुरंत सरकारी अस्पताल खरखौदा पहुंचा, जहां से उसका एमएलआर तैयार हुआ और उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

पूरा घटनाक्रम दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चारों युवक स्कॉर्पियो से उतरते हैं, हाथों में डंडे हैं और वे सीधे दुकान में दाखिल होते हैं। फुटेज पुलिस के कब्जे में है और बदमाशों की पहचान के लिए जांच की जा रही है। पीड़ित की शिकायत व एमएलआर के आधार पर खरखौदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच थाना पुलिस कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है।

### खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता के विषय पर सेमिनार आयोजित।

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य सदीप कुमार अहलावत द्वारा की गई एवं सेमिनार मे स्पीकर एवं संसाधन व्यक्ति के तौर पर आरोग्य भारती से यशपाल आर्य ने अपने विचार रखे। जैसा कि हमारे वेद पुराणों में भी बताया गया है। मोटा अनाज का सेवन करने से एवं समय पर सही मात्रा में शुद्ध एवं घर का बना भोजन खाने से हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। भोजन करते समय मोबाइल फोन एवं टीवी इत्यादि का प्रयोग न करे। व्यापारिक प्रचार से प्रभावित होकर अपने भोजन का चयन न करें। प्रातः सूर्योदय से पहले उठे। मौसम के अनुसार भोजन की थाली मे सब्जियों का इस्तेमाल करे। विवाह आदि समारोह मे भोजन झूठा ना छोड़े। गर्मियों में गन्ने के रस, नींबू पानी का सेवन करे।

स्वस्थ शरीर से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा और देश तरक्की करेगा। फास्ट फुड से दूरी बनाए। उन्होंने सभी बच्चों एवं स्टाफ को शुद्ध भोजन एवं स्वस्थ जीवन की मूलभूत जरूरत बताया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य, कार्यालय अधीक्षक राजेन्द्र नांदल, वर्ग अनुदेशक शमशेर,ई एस अनुदेशक आदित्य राठी सभी स्टाफ सदस्य और संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गीता विद्यालय में डेंगू जागरूकता रैली निकाली




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :आज गीता विद्यालय में डेगू विश्व दिवस पर जिला मलेरिया रोकथाम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में साप्ताहिक जागरूकता सप्ताह अभियान का शुभारम्भ हुआ। जिला के मलेरिया अधिकारी डॉ० प्रदीप कुमार, जिला स्वास्थ्य मलेरिया निरीक्षक डॉ ० प्रदुमन शर्मा तथा उनकी पूरी टीम ने एनसीसी - एअर विंग, थल सेना, राष्ट्रीय सेवा योजना, तथा स्काउट्स एवं खेल विभाग के खिलाडियों की टीम बनाकर डेगू से अपना तथा अपने समाज का बचाव करने के लिए एक सप्ताह तक अभियान चलाने का प्रशिक्षण दिया। 5 - 5 स्वयंसेवकों की टीम बनाकर उसकी रिपोर्ट अपने विभाग के अधिकारियों को सौपने को कहा ।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि– | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | साप्ताहिक | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि– | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | साप्ताहिक | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि– | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | साप्ताहिक | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि– | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | 5 दिन | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है। इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल समझौते के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ। इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति–नीति का समझा जा सकता है। पीएम नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है। भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दशार्ता है। 2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।" प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, "सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है।" अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, "सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।" भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है।

पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

# राष्ट्रवाद के दौर में राहुल की जातिवादी राजनीति

**अजय कुमार**

> "राहुल गांधी लगातार यह भी कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जातिगत जनगणना को लेकर दबाव में आई और उन्हें अंततः इसे स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस इसे अपनी जीत के रूप में प्रचारित कर रही है और राहुल गांधी बार–बार दोहरा रहे हैं कि जब तक समाज की सही तस्वीर हमारे पास नहीं होगी, तब तक न्याय संभव नहीं है। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि निजी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए और एससी–एसटी सब–प्लान का बजट पारदर्शी ढंग से लागू हो। बीजेपी की रणनीति इस पूरे परिदृश्य में अलग है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना को फिर से जगाने की कोशिश की जा रही है। इसका असर भी दिखा है, लेकिन बिहार में राहुल गांधी की जातीय राजनीति के सामने बीजेपी को भी अब जवाब देना पड़ रहा है"



बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, और इस दौर के केंद्र में इस बार राहुल गांधी हैं। जब पूरा देश 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रवाद की राजनीति की ओर फिर से झुक गया, राहुल गांधी ने इसके ठीक उलट जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय को अपनी राजनीतिक प्राथमिकता बना लिया है। यह वही बिहार है, जिसने कभी मंडल राजनीति की नींव रखी थी और जहां जातीय समीकरण अब भी हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में राहुल गांधी का यह फोकस न केवल एक रणनीतिक चुनावी दांव है, बल्कि यह संकेत भी है कि कांग्रेस अब केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर नहीं, बल्कि क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पर भी हाथ रखना चाहती है। बीते पांच महीनों में राहुल गांधी बिहार के चार दौरे कर चुके हैं और हर बार उन्होंने अलग-अलग जिलों को चुना है। यह चयन यूं ही नहीं है, बल्कि हर दौरे के पीछे सामाजिक समूहों की स्पष्ट गणना है। दरभंगा में उन्होंने दलित छात्रों से मिलने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने उन्हें अंबेडकर छात्रावास में जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद राहुल गांधी ने हार नहीं मानी। उन्होंने पदयात्रा शुरू की, पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से बहस की और आखिरकार टाउन हॉल में शिक्षा न्याय संवाद के जरिए अपनी बात रखी। यह कोई साधारण राजनीतिक दौरा नहीं था, बल्कि प्रतीकों से भरा हुआ एक बड़ा संदेश था।

राहुल गांधी ने दरभंगा में छात्रों से कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी के पास कोई अवसर नहीं है। उन्होंने पूछा कि उच्च नौकरशाही में आपके कितने लोग हैं? डॉक्टरी पेशे में आपके कितने लोग हैं? शिक्षा व्यवस्था में आपके कितने लोग हैं? और फिर खुद ही जवाब दिया ह्लजीरोह्व। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा की सूची में मजदूरों की संख्या देखिए, वह 90 प्रतिशत आबादी से ही भरी हुई है। लेकिन जब बात सत्ता, संपत्ति और ठेकेदारी की आती है, तो सारा पैसा केवल 8 से 10 प्रतिशत लोगों के पास पहुंच जाता है। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी विफलता बताया और कहा कि जब तक सामाजिक रूप से वंचित वर्ग एकजुट नहीं होंगे, तब तक कोई बदलाव संभव नहीं है। राहुल गांधी की यह बात बिहार जैसे राज्य में खास असर डाल सकती है, जहां जातीय आधार पर लोगों की पहचान और उनकी सामाजिक स्थिति गहराई से जुड़ी हुई है। खास बात यह भी है कि राहुल गांधी केवल भाषणों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने दलित समाज के साथ वक्त बिताने और उनकी संस्कृति को समझने का प्रयास किया है। पटना के एक मॉल में उन्होंने दलित समाज के लोगों के साथ 'फुले' फिल्म देखी, जो सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा फुले के जीवन पर आधारित है। यह एक संदेश था कि कांग्रेस अब दलित राजनीति को केवल चुनावी गणित नहीं, बल्कि वैचारिक जिम्मेदारी मान रही है। हालांकि, राहुल गांधी का यह अभियान राजनीतिक टकराव से अछूता नहीं रहा। दरभंगा दौरे के दौरान पुलिस प्रशासन ने उन्हें छात्रावास में प्रवेश से रोका, जिसे कांग्रेस ने दलितों से संवाद रोकने की साजिश करार दिया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर इसे दलित विरोधी रवैया बताते हुए बिहार सरकार पर हमला किया और लिखा कि अगर एक नेता दलित छात्रों से मिलना चाहता है तो उसमें क्या गलत है? दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि भारत में कहीं भी छात्रावासों में राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाती, इसलिए उन्हें टाउन हॉल में अनुमति दी गई थी। बिहार में कांग्रेस की यह सक्रियता महज बीजेपी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सहयोगी दल आरजेडी के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। दरअसल, जिस प्रकार से राहुल गांधी सीधे तौर पर दलित-पिछड़े वर्ग को संबोधित कर रहे हैं, उससे आरजेडी का परंपरागत वोट बैंक खिसक सकता है।

यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बिहार में कांग्रेस अब आरजेडी को भी राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी मानने लगी है। ठीक वैसे ही जैसे दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला, बिहार में आरजेडी पर कांग्रेस की निगाह टिकी है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस और आरजेडी की स्थिति लगभग बराबर रही। लेकिन यह बराबरी कई समीकरणों पर आधारित थी जैसे पप्पू यादव का कांग्रेस के समर्थन में खड़ा होना। अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, कांग्रेस शायद खुद को आरजेडी की छाया से निकालकर स्वतंत्र ताकत के रूप में स्थापित करना चाहती है। यही वजह है कि राहुल गांधी के कार्यक्रमों में जातिगत न्याय, सामाजिक प्रतिनिधित्व, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे बार-बार सामने आते हैं, जो कि आरजेडी की पारंपरिक राजनीति का मूल आधार रहे हैं। राहुल गांधी लगातार यह भी कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जातिगत जनगणना को लेकर दबाव में आई और उन्हें अंततः इसे स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस इसे अपनी जीत के रूप में प्रचारित कर रही है और राहुल गांधी बार-बार दोहरा रहे हैं कि जब तक समाज की सही तस्वीर हमारे पास नहीं होगी, तब तक न्याय संभव नहीं है। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि निजी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए और एससी-एसटी सब-प्लान का बजट पारदर्शी ढंग से लागू हो। बीजेपी की रणनीति इस पूरे परिदृश्य में अलग है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना को फिर से जगाने की कोशिश की जा रही है। इसका असर भी दिखा है, लेकिन बिहार में राहुल गांधी की जातीय राजनीति के सामने बीजेपी को भी अब जवाब देना पड़ रहा है। बीजेपी नेता बार-बार यह कह रहे हैं कि जातीय जनगणना का क्रेडिट कांग्रेस नहीं ले सकती, क्योंकि इसे लागू करने का फैसला तो एनडीए सरकार ने किया है। फिर भी राहुल गांधी लगातार इसे अपनी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रख रहे हैं। यह दिलचस्प है कि जब राहुल गांधी को दरभंगा में छात्रों से मिलने से रोका गया, उन्होंने इसे उसी तरह से प्रचारित किया जैसे उन्होंने लोकसभा में बोलने न दिए जाने की घटनाओं को किया था। उनका यह तरीका विपक्ष को एक पीड़ित की तरह पेश करने का है, जो कि सत्ताधारी दल के अहंकार और तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा है। यह छवि जनता के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव पैदा करती है, खासकर तब जब मुद्दा दलित या पिछड़े वर्ग से जुड़ा हो। कुल मिलाकर, राहुल गांधी ने बिहार चुनावों के लिए एक ऐसी पिच तैयार की है, जो अब तक बीजेपी और आरजेडी दोनों से अलग है। वह खुद को सामाजिक न्याय के एक नए प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और इसमें उन्हें सीमित सफलता भी मिलती दिख रही है। अब यह देखना होगा कि बिहार की जनता इस नई कांग्रेस को कितनी गंभीरता से लेती है। क्या राहुल गांधी का जातीय न्याय का एजेंडा चुनाव में निर्णायक साबित होगा? क्या कांग्रेस आरजेडी को पछाड़कर प्रमुख विपक्ष बन पाएगी? और सबसे बड़ा सवाल, क्या राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस वह जनाधार फिर से हासिल कर पाएगी जो कभी उसका हुआ करता था? लेकिन इतना तय है कि राहुल गांधी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह सिर्फ संसद तक सीमित नेता नहीं, बल्कि जमीनी संघर्ष करने वाले राजनीतिक खिलाड़ी भी हैं। उनकी यह कोशिश, चाहे सफल हो या असफल, भारतीय राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे चुकी है एक ऐसी बहस जो सामाजिक न्याय को फिर से केंद्रीय मुद्दा बना रही है।

## कविता

### सर्वविद

मैं वो भी सुनता हूं
जो तुम कहते हो
मेरी पीठ के पीछे
चुपके से
फिर भी एक चुपी है,
लबों पर
क्योंकि आवरण है
मेरे विशुद्धि पर
अनाहत के मधुर स्वर का।

मैं वह भी देखता हूं
जो तुम औरों को
दिखाना नहीं चाहते
और खुद से कभी
छिपाना नहीं चाहते,
फिर भी एक निशब्दता है
होठों पर
क्योंकि आच्छादन है
मेरे दशम द्वार पर
सहस्त्रार की अखंड ज्योति का।

डॉ.राजीव डोगरा

# सर्वधर्म समभाव लोकतंत्र की बुनियादी ताकत

**संजीव**

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है' भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है'।

## विचार

# आतंक के साये से मुक्ति चाहते हैं आमजन

**रोहित माहेश्वरी**

**पाकिस्तान** प्रायोजित आतंकवाद से भारत दशकों से पीड़ित है। पहलगाम आतंकी घटना के बाद ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के जरिए भारत ने न केवल पाकिस्तान बल्कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों को भी सख्त और सशक्त संदेश भेजा है। पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तानी पंजाब में कई ठिकानों पर हमला कर दहशतगर्दों और उनके संरक्षकों को दो टूक बताया गया है कि भारतीयों के खून बहाने की महंगी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई से पाकिस्तान के सैन्य बलों और सैन्य ठिकानों का बड़ा नुकसान पहुंचा है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी तीनों सेनाओं के तालमेल, सूझबूझ और सटीक निशाने का कमाल है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लिए सिरदर्द बन चुका है। भारत में पुलवामा, उरी, संसद हमला, मुंबई अटैक, कंधार हाईजैक जैसी कई आतंकी वारदातों में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ होने की बात सामने आई है। भले ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है लेकिन इतिहास और पाकिस्तान के चरित्र के मद्देनजर पाकिस्तान पर भरोसा करना मूर्खता के सिवाय कुछ और नहीं कहा जाएगा। अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से पहले भारत ने जो कदम उठाए, खासकर सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला, जो पाकिस्तान की कृषि और खाद्य सुरक्षा पर लंबे समय के लिए असर पड़ेगा। इसके अलावा मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी अड्डों पर स्ट्राइक पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी गठजोड़ के लिए एक तगड़ा झटका है। भारत के इन हमलों से उसकी हिचक दूर हुई, जिसमें वह सीधे एक्शन से बचता था। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने से साजिशों को अंजाम देने की उसकी क्षमता भी कमजोर हुई है। यह आतंक के खिलाफ भारत की रणनीति का एक बड़ा बदलाव है। अब भारत किसी भी ऑपरेशन को अंजाम देने में हिचकता नहीं है। पहले पाक के परमाणु हथियार का डर दिखाकर भारत को कार्रवाई करने से रोका जाता रहा है। कालांतर में 2016 में उरी में 19 सैनिकों के मारे जाने पर नियंत्रण रेखा के पार व 2019 में पुलवामा विस्फोट के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। इसी तरह पहलगाम हमले के बाद सीधी कार्रवाई करके साफ संदेश दिया कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब आतंकवाद को सींचने वाले पाक पर भारत सीधी कार्रवाई करेगा।

भारत ने पहले पूरी दुनिया को पुलवामा हमले की साजिश के सबूत दिए और फिर कार्रवाई की। यही वजह है कि दुनिया के तमाम देश भारत के पक्ष में खड़े नजर आए। अब भारत ने महज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाना बंद कर दिया है। निश्चय ही यह रणनीति मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाने के बजाय अमेरिका व इजराइल की तर्ज पर घर में घुसकर मारने की रणनीति है। बहरहाल, भारत ने दुनिया को बता दिया कि पाक अपनी जमीन पर आतंकियों को प्रशिक्षण व समर्थन तो देता है लेकिन उनके विरुद्ध कार्रवाई से बचता है।

वहीं दूसरी ओर भारत ने परंपरागत युद्ध शैली से हटकर नई तकनीकों का भरपूर उपयोग किया। भारतीय रक्षा कवच एस-400 यानी सुदर्शन चक्र आदि का पाक हमलों को विफल करना नवीनतम तकनीकों का ही प्रतिफल है। पहलगाम में हुए हमले ने भारत के लिए एक नई चुनौती पैदा की है। अब देश को अपनी साइबर संपत्तियों और महत्त्वपूर्ण सूचना ढांचे पर होने वाले नए तरह के हमलों के लिए तैयार रहना होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी–244, मजलिस पार्क, लेन–3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली–33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई–मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ऑपरेशन सिन्दूर: भारत ने क्या खोया, क्या पाया

**मनमोहन प्रकाश**

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किए गए 26 निर्दोष पर्यटकों के नृशंस नरसंहार ने भारतीय नारी के माथे के सिंदूर को मिटा कर सम्पूर्ण भारत को झकझोर दिया। यह क्रूरता केवल मानवता पर नहीं, अपितु भारत की सहिष्णुता और धैर्य की सीमाओं पर भी सीधा प्रहार था। इस बर्बर हमले के प्रतिउत्तर में भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से सिंधु जल समझौते को स्थगित किया, पाकिस्तान के राजनयिकों को देश से बाहर निकाला, व्यापारिक संबंध तोड़े और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें वापस भेजा। इसके पश्चात 6-7 मई 2025 की रात को भारतीय सेना को "ऑपरेशन सिन्दूर" प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। यह एक सुनियोजित, सीमित, परंतु निर्णायक सैन्य कार्रवाई थी। इसका उद्देश्य न केवल आतंकवादियों को दंडित करना था, बल्कि उन्हें पनाह और समर्थन देने वाले पाकिस्तानी आकाओं को भी स्पष्ट संदेश देना था।

**निर्णायक सैन्य सफलता:**

सिर्फ चार दिनों में ही यह ऑपरेशन भारतीय सैन्य रणनीति, गोपनीयता, तकनीकी कौशल और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गया। ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के भीतर स्थित 9 प्रमुख आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और 100 से अधिक आतंकवादियों का सफाया हुआ। पाकिस्तान ने इसे अपने विरुद्ध युद्ध घोषित मानते हुए प्रतिक्रिया दी, लेकिन उसकी सेना को भारी क्षति उठानी पड़ी। भारत की सतर्कता, साहस और तकनीकी श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को एक बार फिर मात दी, और भारत मां के माथे विजय तिलक किया। ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य एयरबेस, लड़ाकू विमान, सैकड़ों ड्रोन, मिसाइलों को नष्ट किया तथा एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया और दर्जनों सैनिकों की जानें गईं। पाकिस्तान और उनके देश में रह रहे आतंकियों को यह स्पष्ट संकेत था।

# पड़ोसियों के झगड़े!

**छुटकू** और बड़कू दो पड़ोसी हैं.कहते हैं कि अच्छा पड़ोसी भाग्य से ही मिलता है.इस मामले में बड़कू का भाग्य ही खराब रहा.आप दोस्त तो चुन सकते हैं,पड़ोसी और दुश्मन नहीं!ये तो खुद ही गले पड़ जाते हैं? वह व्यक्ति किस्मत वाला ही होगा जिसका आस-पड़ोस अच्छा हो अन्यथा तो पड़ोसी से खटपट आम बात है. बात छुटकू पड़ोसी की है,छुटकू तो अपनी पैदाइश से ही बदमाश और लुच्चा-लफंगा निकला.न खुद चैन से रहता है और न ही दूसरों को चैन से रहने देता है. जिसका जन्म ही लुच्चाई से हुआ हो,भला वह दूसरों को कहां आराम से रहने देगा.उसे पड़ोसी के घर में पत्थर फेंकने में बहुत मजा आता है. हर बार पत्थर फेंकने का बहाना ढूंढता रहता है.हालांकि उसका खुद का घर शीशे का है लेकिन फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है.इस के लिए कई बार मार खा चुका है किंतु कहते हैं न कि कुत्ते की दूम टेढ़ी की टेढ़ी रहती है.और इसीलिए वह फिर भी कभी अपनी यह बुरी आदत छोड़ता नहीं है.कुछ न होकर भी अपने आप को तुर्रम खां समझे बैठा है. उसे लगता है कि सारे मुहल्ले वाले बस उसे ही चाहते हैं. पहले भी मुहल्ले के गुंडे उसे भाव देते रहे हैं.इन गुंडों को तीतर लड़ाई में ही मजा आता है. खास तौर पर मुहल्ले का सबसे बड़ा गुंडा अमरू तो हमेशा इसे गोद में बैठाए रहता है और छुटकू के पुठ्ठे ठपकारता रहता है.मुहल्ले में तीन ही तो बड़े गुंडे रह गए हैं जो पूरे मुहल्ले को अपनी ऊंगली पर नचाना चाहते हैं.पहला तो अमरू है ही,दूसरा खडूस चीनू है और तीसरा रूसिया है जो आजकल अपनी उलझनों में ही उलझा हुआ है. अमरू का प्यादा छुटकू बना हुआ है जो उसकी शह पर हर किसी से भिड़ जाता है और फिर मार खाकर वापस लौट आता है लेकिन फिर भी यह बात छुटकू को कभी समझ नहीं आई कि वह बड़े गुंडों का पठ्ठा बनकर रह गया है.चीनू नाम के गुंडे ने भी तो उसे भरपूर शह दे रखी है.भूखे-नंगे हो चुके छुटकू को चीनू भी टुकड़े डालता रहता है और सिकिया हो चुके छुटकू को बड़कू से भिड़ने के लिए उकसाता रहता है.छुटकू अपने पड़ोसी बड़कू से ईर्ष्या -द्वेष भी तो बहुत रखता आया है।

## न्यूज फ्लैश

### महिला को सम्मोहन कर ठगा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
समालखा सुमन हथवाला ने बताया की में बाजार मे समान लेने आई थी जब मैं माता पुली के पास पहुचीं औ? घर का समान खरीदकर वापीस चल पडी तभी माता पुली रोड पर दो आदमी मिले औ? मेरे से सोनीपत जाने का रास्ता पुछा उनमे से एक आदमी ने कन्धे पर परना रखा हुआ था जब मैं माता पुली से चलने लगी तो उस आदमी ने मेरे मुँह पर परना टच किया और मुझे चक्कर आने लगे औ? मेरा मन ऐस किया की इनके साथ चल और मैं उनके साथ पैदल-पैदल चल पडी औ? एक लडका आगे औ? एक पिछे हो लिया मुझे बीच मे करके चल पडे वो मुझे कुच्छल हलवाई के पास से ई-रिक्शा मै बैठा लिया औ? एक बांई औ? एक दाई औ? बैठ गया औ? रेलवे स्टेशन पर ले गए औ? मुझे बड के पेड के पास बैठा लिया औ? वहां कुछ यात्री आ गए औ? मुझे उठाकर स्टेशन पर ले गए औ? वापस पेड के पास ले आए और कानों की बाली मांगने लगे मैने मना कर दिया औ? चल पडी लेकिन मुझे आटो के पास रोककर फिर से बाली मांगने लगे जब मैने अपनी बाली उतार कर खुद उनको दे दि औ? मुझे एक थैला पकडाकर पानी लेने चले गए औ? वापस नही आए फिर मैने उनको काफी ढूढां वो नही मिले जो बाजार की तरफ चले गए मै भी बाजार की तरफ चली गई औ? मैं वापस दुकान वाले के पास चली गई (मैट्रो वाला) के पास औ? अपने पर्स औ? समान के बारे मे पुछा उसने मना कर दिया और मैं पुल के निचे पुलीस के पास चली गई वो मुझे भापरा चौकी मे ले गए वहाँ उन्होने मेरे से पुछा क्या हुआ मैने बताया की दो लडको ने मेरी बाली औ? पैसे ले लिए बाजार मे पुलीस वालो ने मुझे स्टेशन चौकी मे जाने के लिए कहा मैने अपने पंती रमेश से फोन करके सारी बात बताई औ? वो आ गए जो हमने रेलवे चौकी मे सारी घटना बताई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रेलेवे रोड पर लगे सी सी टीवी कैमरे खगालने शुरू किए व रेलवे रोड पर उस दुकान के भी कैमरे चैक किए रेलवे चौकी इन्चार्ज जसबीर ने बताया की मुकदमा दर्ज कर महिला को साथ लेकर कैमरे चैक कि ए जा रहे है

### प्रॉपर्टी आईडी के लिए आमजन निसंकोच रूप से दें ओटीपी, कोई भी नहीं होगा फ्रॉड : विवेक चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत? , ( कमाल हुसैन ) निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निगम कार्यालय की ओर से किया जा रहे फोन के माध्यम से अपने ओटीपी की जानकारी संबंधित प्रतिनिधि को सांझा करें क्योंकि इससे निर्धारित व्यक्तियों की प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड हो जाएगी अन्यथा इसके लिए उन्हें कार्यालय में आना पड़ेगा और कार्यालय में आकर उन्हें अपनी प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवानी होगी। निगम की ओर से कोई कर्मचारी अगर प्रॉपर्टी आईडी के लिए ओटीपी मांगने को लेकर आमजन को फोन करते हैं तो वह एक अधिकृत कर्मचारी द्वारा ही फोन किया जा रहा है इसमें फ्रॉड होने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि केवल प्रॉपर्टी आईडी को लेकर ही ओटीपी मांगी जा रही है। इसके अतिरिक्त आमजन निगम कार्यालय में आकर अपनी प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवा लें ताकि सम्पत्ति कर के आंकलन में लोगों में किसी भी तरह की भ्रम की स्थिति ना हो। इस प्रक्रिया से आम नागरिकों से गलत हाउस टैक्स भी नहीं वसूला जाएगा।

निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की नगर निगम, पानीपत द्वारा प्रोपर्टी आई0डी0 को सैल्फ सर्टिफाईड करवाने का कार्य मंगलवार तक नगर निगम के पालिका बाजार कार्यालय में सम्पति कर शाखा कमरा न0 1 में किया जा रहा है। इसमें कोई भी आम नागरिक आकर अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सटीर्फाईड करवा सकता है।

विवेक चौधरी ने सभी नगरवासियों से अनुरोध करते हुए अपील कि सभी नागरिक बढ़-चढ़ कर अपनी प्रोपर्टी आई0डी0 को सैल्फ सर्टिफाईड करवायें। इस कार्य के लिए जो आम नगारिक अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सटीर्फाईड करवाना चाहता है वह ऊपर दिए गए कार्यालय में प्रोपर्टी आई0डी0, रजिस्टर्ड मोबाईल न0 (ओ0टी0पी0 लेने हेतू), आधार कार्ड दस्तावेज साथ लेकर आये। ताकि मौके पर ही उनसे ओटीपी प्राप्त किया जा सके।
निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने बताया कि इस कार्य के लिए निगम द्वारा लोगों को फोन करके भी जानकारी दी जा रही है और इस प्रक्रिया को समझाया जा रहा है की उनके द्वारा सम्पति को सैल्फ सर्टिफाईड किया जाना किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण सम्पत्तिकर आंकलन के रोकने में बहुत मदद करेगा।

# मुख्यमंत्री खुद शिविरों में हिस्सा लेकर शिकायतों को सुनते हैं : नेहा सिंह

## समाधान शिविरों में आई 5428 शिकायतों में से 3694 का निपटान, 377 शिकायतें पेंडिंग, 1002 रद्द और 216 शिकायतें रि-ओपन की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर की पेंडिंग शिकायतों का समाधान करने जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इनको समयबद्ध निपटाने के काम को विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे।
किसी भी अधिकारी की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अब तक 5428 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 3694 शिकायतों का निपटान कर




दिया गया है, 377 शिकायतें पेंडिंग हैं। 1002 शिकायतों को रद्द किया गया और 216 शिकायतें रि-ओपन की गई हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन करवाया हुआ है। इन शिविरों में जिला वासियों को अपनी शिकायतें और समस्याएं समाधान के लिए प्रस्तुत करनी हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर लघु सचिवालय के अलावा लाडवा, शाहाबाद और पिहोवा उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को समाधान शिविरों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। समाधान शिविरों की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जाती है। मुख्यमंत्री खुद शिविरों में हिस्सा लेकर आमजन की शिकायतों को सुनते हैं। सभी अधिकारियों को समाधान शिविर की शिकायतों को लेकर गंभीर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला में पेंडेंसी कम करने के लिए अधिकारी अपनी शिकायतों को जल्द निपटाएं। इसके लिए पेंडिंग शिकायतों का नेचर जांचें और निपटाने करने की योजना तैयार कर शिकायत का समाधान करें। पुरानी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें।

## छह हजार सिविल डिफेंस वालंटियर होंगे तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिले में छह हजार सिविल डिफेंस वालंटियर जिला प्रशासन तैयार करेगा। इसके लिए उपायुक्त व कंट्रोलर सिविल डिफेंस डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने लोगों से ऑनलाइन पंजीकरण की अपील की है।
उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि शिविर में पंजीकृत वालंटियरों को राहत, बचाव व अन्य आवश्यक कार्यों का प्रशिक्षण व प्रबंधन करना भी सिखाया जाएगा। सिविल डिफेंस वालंटियर बनना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सिविल डिफेंस वालंटियर किसी भी विपदा के समय राहत एवं बचाव के कार्यों में निस्वार्थ भाव से अपनी जिम्मेवारी निभाते हैं।
उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस में अनुभवी लोगों के साथ-साथ युवाओं की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। ऐसे में जिलेवासियों को बढ़-चढकर इस पुनीत अभियान में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। इस मुहिम से जुड? के लिए गूगल लिंक (एचटीटीपीएसः//फोर्मसडॉटजीएलइ/एनजेआरटीएफपीक्यूएसवीडीजे https://forms.gle/njRTFpQSVdZ4RE3v8 और क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। गूगल लिंक व क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है।
फाईल फोटो- क्यूआर कोड।

## किशोर न्याय बोर्ड ने दोषी करार दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि चौकी किशनपुरा पानीपत थाना सेक्टर - 29 पानीपत के अन्तर्गत वर्ष 2023 में पार्क में झुला-झुल रहे एक 6 वीं कक्षा के छात्र को झुले से उतार कर, उसके साथ दुराचार किया गया। इसमें तीन लडके शामिल थे। जिनमें से दो जुवेनाइल पाये गये।
श्री पुनित लिंबा ने बताया कि दोनों किशोर लडकों को किशोर न्याय बोर्ड पानीपत ने दोषी करार दिया और 6 महिने के प्रोबेशन पर 50,000 के प्रोबेशन बांड पर छोड़ा गया है।

## बाल विवाह में शामिल माता पिता, पंडित, काजी, बैंड वाले सजा के हकदार

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के दिशानिदेर्शानुसार एमडीडी ऑफ इंडिया ने शिक्षा विभाग के साथ मिलकर समालखा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ विद्यालय उग्राखेड़ी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबड़ी में बाल विवाह, पॉक्सो और बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया।
दिनांक 16-05-2025 को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन एम डी डी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा समालखा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उग्राखेड़ी तथा



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबड़ी में छात्र छात्राओं के साथ बाल विवाह कानून, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसमें बाल? विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया।
सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाकर ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। इसके लिए पुजारियों, बैंक्वेट हाल मालिकों, हलवाई, टैंट वालों, प्रिंटिंग प्रेस वालों, डेकोरेटर्स सभी को समझाया जा रहा है कि लड़की और लड़के की उम्र जांचकर ही शादी करवाएं। उन्होंने बताया कि जागरूकता के परिणामस्वरूप बाल विवाह के केसों में कमी आई है और लड़कियों व लोग खुलकर रिपोर्ट करा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद अभी भी बहुत काम करना बाकी है।
एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल विवाह न केवल लड़कियों के शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के अधिकार का हनन है बल्कि मानवता और समाज व देश के खिलाफ भी एक गंभीर अपराध है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार यह केवल कानून एवं व्यवस्था का ही मसला नहीं है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है।

## इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं 02 जून की जगह 12 जून से होंगी आरम्भ:

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू की परीक्षाएं प्रशासनिक कारणों की वजह से 02 जून से न होकर 12 जून 2025 से संचालित की जाएगी। परिक्षाएं 12 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेंगी। हरियाणा के सभी 42 परीक्षा केंद्रों को इसकी सूचना भिजवा दी गयी है।
डॉ धर्म पाल ने बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर और मास्टर पाठ्यक्रमों में री-रजिस्ट्रेशन आरम्भ कर दिए है जिन विद्यार्थियों ने जुलाई 2024 में इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है उनके लिए 30 जून 2025 तक री-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने जनवरी 2025 सत्र में सैमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों जैसे एमबीए, एमसीए, एमकॉम, बीसीए आदि में दाखिला लिया है उनको अपने अगले सेमेस्टर में री-रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। री-रेजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटइग्नूडॉटएसीडॉटइन। पर जाकर ऑनलाइनआरआरडॉटइग्नूडॉटएसीडॉटइन के माध्यम से री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते है इग्नू द्वारा सभी विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है की वह अपना री-रेजिस्ट्रेशन खुद से ही करवाएं दाखिले के समय जो विद्यार्थियों ने यूजर आईडी और पासवर्ड बनाया था उसी का प्रयोग करके विद्यार्थी री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

## ट्रांसपोर्ट आयुक्त एवं सचिव टीएल सत्यप्रकाश ने की उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग के आयुक्त एवं सचिव टीएल सत्यप्रकाश ने शुक्रवार को जन संवाद, समाधान शिविर से प्राप्त हुई जन समस्याओ की वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के डीसी के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि हमें नागरिकों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।



उन्होंने सभी उपायुक्तों को समस्याओं पर फोकस करने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने अधिकारियों से एक-एक करके उनके विभागों की सभी पेंडिंग समस्याओं का ब्यौरा लिया और अति शीघ्रता से उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने बताया कि जन संवाद समाधान शिविर के तहत प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का हमारे द्वारा ही निस्तारण होना है इसमें देरी क्यों लग रही है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय अनुसार अपनी समस्याओं का निस्तारण करें इससे काम का भार भी काम होगा और आम जन संतुष्ट भी होगा।
उपायुक्त ने बताया कि अधिकारियों को और गम्भीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने जिन विभागों की पेडेंसी बचती है उन्होंने जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर ये कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं इनमें जो समस्याएं आम जन द्वारा प्रस्तुत की गई हैं उनकी बारिकियों को समझ कर उन पर कार्य करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि उनकी मनसा पानीपत को समस्याओं से मुक्त करने की रही है। वे समस्या मुक्त पानीपत देखना चाहते हैं। यह सब अधिकारियों की ईमानदारी पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि जब तक वे रूचि नही लेंगे जनसंवाद और समाधान शिविर में आई समस्याओं का समाधान कैसे होगा।

## अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि कस्बा करनाल में 2 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि एक अवैध कॉलोनी नई आनंद विहार कॉलोनी के पिछे लगभग 3 एकड़ में पनप रही थी। इस कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 12 डीपीसी, 3 चारदिवारी, 2 निमार्णाधीन मकान के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दूसरी अवैध कॉलोनी घोघरीपुर रोड पर लगभग 3.5 एकड में पनप रही थी, जिसमें सभी कच्ची सडकों, मैनहॉल एवं सीवर नैटवर्क के विरूद्ध तोडफोड़




की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना सदर की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।
जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्रवाइ जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमें दर्ज करवाए जाएंगे।

## भारत सरकार एनएपीडीडीआर योजना लागू कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डडा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार मादक द्रव्यों के सेवन और मांग में कमी करने के लिए नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रएजुकेशन (एन.ए.पी.डी.डी.आर.) योजना को लागू कर रही है। यह योजना निवारक शिक्षा, उपचार और पुर्नवास क्षमता निर्माण और समुदाय आधारित हस्तक्षेप जैसे विभिनन घटको के लिए वित्तिय सहायता प्रदान करती है।

## ग्रामीण क्षेत्र में काम ना करने वाले सफाई कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में शुक्रवार को सनौली खुर्द के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर गांव में जारी विकास कार्यों के पैसे को ईमानदारी व पारदर्शिता पूर्वक लगवाने और उसकी निगरानी बरतने और समय-समय पर उनकी जांच करने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों में सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ठीक तरह से नहीं निभा रहे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने सभी ग्राम सचिवों को आदेश दिए की वो रोजाना सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लगाएं व




उनके काम का आंकलन करें। जो सफाई कर्मचारी अपने कार्य के प्रति जागरूक नहीं है व ड्यूटी में कोताही बरत रहे हैं उन पर संज्ञान ले और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाए। उनकी ड्यूटी 8 घंटे की है। उपायुक्त ने कहा कि सरपंच गांव का मुखिया है। ग्राम सचिव उसका सहयोगी है। दोनों ने गांव में समन्वय स्थापित करके गांव के विकास को गति प्रदान करनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जो ग्रामीण गलियों में पशुओं को बांधते हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा करते हैं पहले उन्हें सूचित करें न मानने पर जुमार्ना लगाए व जरूरत पड? पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर जो राशि जारी की है उसे संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। सरपंच गांव में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को चेक कर सकता है।
उपायुक्त ने सरपंचों की समस्याओं को भी सुना व उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया। कुछ सरपंचों ने गांव में सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई में दिलाई बरतने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है सभी नाले व गालियों की सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमे अभी से पौधारोपण के लिए भी जगह का चयन करना चाहिए।

## एसडीएम के नेतृत्व में गठित एनजीटी टीम ने की अवैध कटाई मामले की जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
एनजीटी के आदेश पर समालखा एसडीएम की अगुवाई मे गठित संयुक्त जांच टीम ने बृहस्पतिवार को मनाना ग्राम पंचायत द्वारा गांव के पशु अस्पताल परिसर मे खडे पेडो की अवैध कटाई के चार माह पुराने मामले की जांच शुरू कर दी है। एनजीटी टीम ने गांव मे पहुंचकर पेड काटने ओर कटवाने के जिम्मेदार लोगो से पूछताछ की ओर उनके बयान दर्ज किए। टीम 8 सप्ताह मे अपनी रिपोर्ट एनजीटी को सौंपेगी।
राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा समालखा एसडीएम की अगुवाई मे गठित विभिन्न विभागो के अधिकारियो



की सयुंक्त टीम सुबह करीब 11 बजे गांव मनाना मे पहुंची। टीम मे मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक नरेंद्र शर्मा,क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानीपत से डॉ शिवेंद्र,जिला वन विभाग पानीपत की डीएफओ विजयलक्ष्मी ओर समालखा पशु अस्पताल के पशु चिकित्सक शैलेश कुमार शामिल रहे।
एनजीटी टीम भारी पुलिस के साथ पहुंची। टीम के पहुंचते ही पशु अस्पताल मे ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। ग्रामीणो की मौजूदगी मे ही टीम ने शिकायत कर्ता तथा पेड काटने व कटवाने के जिम्मेदार लोगो से पूछताछ की। इस दौरान कई बार ग्रामीणो मे आपस मे कहासुनी भी हुई। एनजीटी टीम करीब चार घंटे गांव मे रही।
उल्लेखनीय है कि गांव मनाना के संदीप राठी ने एनजीटी को एक लिखित शिकायत भेजकर ग्राम सरपंच पर खसरा नंबर 221 से नीम व पीपल के 50-60 छायादार पेडो की अवैध रूप से कटाई करने के आरोप लगाए है। शिकायत कर्ता के मुताबिक गांव की महिला सरपंच ने अपने पति के साथ सांठगांठ कर गुप्त उदेश्य व व्यवसायिक फायदे के लिए उस जमीन पर बैंकवेट हाल के निर्माण करने के लिए काटे गये पेडो की लकडी भी लाखो रूपए मे बेच खायी। शिकायत कर्ता ने यह भी बताया कि इस संबंध मे इसी वर्ष 7 जनवरी को समालखा पशु चिकित्सक के माध्यम से यह मामला पुलिस के पास भी पहुंचा था जिसमे आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया था लेकिन मामले को दबा दिया गया।
उधर एनजीटी की ओर से मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव व डॉ ए सेंथिल वेल ने इस मामले मे समालखा एसडीएम की अगुवाई मे सात सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर जांच रिपोर्ट 8 सप्ताह मे देने के आदेश दिए थे।
इस संदर्भ मे मनाना गांव की महिला सरपंच के पति प्रवीन गौतम ने आरोपो को बेबुनियाद व निराधार बताते हुए उल्टा शिकायत कर्ता पर ही आरोप जडे है।
सरपंच पति के मुताबिक शिकायत कर्ता संदीप की पत्नी ग्राम पंचायत मे पंच है ओर कुछ माह पहले तक वही पंचायत का काम काज

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने अगामी 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय में बैठक ली और कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन करने के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को अनाज मंडी में होगा। इससे पहले 20



जून को योग.मैराथन और पायलट रिहर्सल आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम के लिए एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी नोडल अधिकारी होगें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने और एक.दूसरे के साथ तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।
उन्होंने बताया कि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम सुबह 7 से 8 बजे के बीच आयोजित किया जायेगा। इसमें स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंबुलेंस आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था योजनाबद्ध तरीके से करें और सभी के लिए अस्थाई शौचालय की व्यवस्था के साथ.साथ वीआईपी के लिये अलग से शौचालयों का इंतजाम होना चाहिये। पीने के पानी की कोई कमी नहीं होनी चाहिये।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की साइक्लोथॉन यात्रा 3 जून को



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत 3 जून को शहर में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने और सामाजिक चेतना को मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास होगा। इस आयोजन की तैयारियां कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में की जा रही हैं। आयोजन संयोजन में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. वैद्य देवेंद्र खुराना, एनएसएस प्रभारी प्रो. पी.सी. मंगल तथा डॉ. सुखबीर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा ह्लनशा केवल व्यक्ति का नहीं,बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति का भी सबसे बड़ा बाधक है। युवाओं को अपनी ऊर्जा रचनात्मक और स्वास्थ्यवर्धक कार्यों में लगानी चाहिए। उन्होंने बताया कि साइकिल दिवस के अवसर पर यह साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जाएगी, ताकि नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राएं रचनात्मक तरीके से समाज को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। यह आयोजन स्वस्थ हरियाणाझ्रनशामुक्त हरियाणा के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम होगा।

### सप्ताह के दो दिन होगें समाधान शिविर आयोजित- डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के दृष्टिगत यह शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रहा है। डीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित की गई है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर भी प्रत्येक हफ्ते समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होता है उनका ऑन द स्पॉट ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाती है व जो समस्याएं पॉलिसी निर्माण से संबंधित हैं उन्हें मुख्यालय में भेजा जाता है ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# नकली शराब बनाने के मामले में 2 अन्य आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी मनिन्द्र का 3 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया

**काबू**

पुलिस द्वारा आज 16 मई 2025 को मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी मनिन्द्र को भी गिरफ्तार किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान 13 मई 2025 को शहजादपुर पुलिस दल ने नकली/अवैध शराब बनाने के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी अजीत पाल सिहँ निवासी जोगीपुर थाना सनौर जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय क आदेशानुसार 2 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया था। दौरान रिमाण्ड आरोपी ने बतलाया कि वह तथा मनिन्द्र निवासी गाँव बांखर थाना सनौर जिला पटियाला पंजाब मुख्य आरोपी बिट्टु से भारी मात्रा में अवैध नकली शराब लेकर पटियाला के आसपास के गाँवों में बेचते थे। इस मामले में मनिन्द्र भी शामिल है। पुलिस द्वारा आज 16 मई 2025 को मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी मनिन्द्र को भी गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी मनिन्द्र का 3 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया व आरोपी अजीत पाल सिहँ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले की जाँच गहनता से जा रही हैं। मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों को काबू किया गया है। 30 अप्रैल 2025 को शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि मार्डन कालोनी शहजादपुर में किराए के मकान में नकली शराब बनाने की फैक्टरी चल रही है। नकली शराब बनाकर उसे बेचकर लोगों के जीवन का खतरे में डाला जा रहा है। अगर मार्डन कालोनी में किराए के मकान पर छापेमारी की जाए तो आरोपियों को भारी मात्रा में नकली शराब, कैमिकल पदार्थ व शराब बनाने वाले उपकरणों सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए मार्डन कालोनी किराए के मकान पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध/नकली शराब की 109 पेटियाँ, 80 लिटर तैयारशुदा नकली शराब, 02 कैनी शराब 100 लिटर,3 ड्रम स्पिरिट कुल 540 लिटर, 12 खाली ड्रम, 30 ड्रमी, 20 लिटर की 06 बोतल, 9600 खाली बोतलें, 4 टैंकी, फूड क्लर, कार्मेल क्लर, भारी मात्रा में ढक्कन, रैपर, गत्ता पेटी, होलोग्राम नम्बर, क्यू आर कोड, मधानी व शराब बनाने के अन्य उपकरणों व गाड़ी सहित चार आरोपियों को काबू कर थाना शहजादपुर में मामला दर्ज किया था।

## ऑलिव ग्रीन स्कूल में कराटे प्रतियोगिता हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला अंबाला कराटे चैंपियनशिप-2025 का आयोजन ऑलिव ग्रीन इंटरनेशनल स्कूल, कलहेड़ी में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो कि 6-7 विद्यालयों और 3 अकादमियों से संबंधित थे। यह प्रतियोगिता डिस्ट्रिक्ट अंबाला कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल की प्रधानाचार्या नवजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों को प्रोत्साहित किया और विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्टेट कराटे

**प्रतिभाग**

130 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो कि 6-7 विद्यालयों और 3 अकादमियों से संबंधित थे

चैंपियनशिप-2025 के लिए चयनित घोषित किया गया। स्कूल की ओर से 6 वर्ष से कम आयु वर्ग (अंडर 6 साल) में कुमिते इवेंट में अधिराज, गुरकीरत और विराज ने अपनी-अपनी भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं काता इवेंट में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (अंडर 14 साल) में आर्मी पब्लिक स्कूल की इरिना कौर ने स्वर्ण पदक जीता।

## सड़क किनारे खड़े दो ट्रकों के पार्ट चोरी, केस दर्ज

**जांच जारी**

पीड़ित ट्रक चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सर्विस रोड पर खड़े दो ट्रकों के पार्ट चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ट्रक चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। धोलपुर राजस्थान निवासी विक्की सिंह ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। गत 13 मई को अपना ट्रक लेकर राई में आया था। ट्रक को खाली करके बहालगढ़ चौक के पास सर्विस रोड पर खड़ा कर दिया। उसके साथ ही चालक करण सिंह ने अपना ट्रक खड़ा कर दिया। रात को दोनों सो गए। सुबह उठकर ट्रकों को स्टार्ट किया, लेकिन दोनों ट्रक स्टार्ट नहीं हुए। जब चेक किया तो ट्रकों से एसीएम गायब मिले। अपने स्तर पर पार्ट की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## समाधान शिविरों की मुख्यमंत्री कर रहे हैं सीधी मॉनिटरिंग: अजय सिंह तोमर

**बैठक**

प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों की शुरूआत की गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आमजन की समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों की शुरूआत की गई है। विशेष बात यह है कि मुख्यमंत्री द्वारा इन शिविरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही हैं, ताकि इन्हें ओर अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाया जा सके। उपायुक्त अपने कार्यालय मे समाधान शिविर के दृष्टिगत सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

इससे पहले चंडीगढ़ से परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री टी.एल. सत्यप्रकाश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने समाधान शिविरों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और तथा समयबद्ध ढंग से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उन्होंने उपायुक्तों से समाधान प्रकोष्ठ मे किन-किन विभागों से संबंधित समस्याएं अधिक आ रही हैं, कितनी शिकायतें लंबित हैं व अन्य संबंधी विषयों से जूडी विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आयुक्त एवं सचिव को अवगत कराया कि अंबाला में अब तक आयोजित समाधान शिविरों में कुल 4181 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3802 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है। वर्तमान में 112 शिकायतें लंबित हैं जबकि अन्य शेष शिकायतें रिजेक्टेड अथवा रीओपन श्रेणी में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लंबित शिकायतों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

वीसी उपरांत बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता से निपटाया जाए। संबंधित विभाग अपनी लंबित शिकायतों का तत्परता से समाधान करें और प्रयास करें कि मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण हो।

## 'सरपंच योजनाओं को गांव में सही तरीके से लागू कर सकने के लिए ट्रेनिंग जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राष्ट्रिय ग्राम स्वराज अभियान के तहत मुंडलाना और गोहाना खंड के सरपंचों के लिए दो दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का आयोजन प्रगति हॉल सोनीपत में किया गया। ट्रेनिंग के दूसरे दिन प्रशिक्षण के दौरान एडिशनल जिला प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश खोखर ने बताया कि इस कैंप में क्षेत्र के सभी सरपंचों को सरकार की ओर से चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य यह था



कि सरपंच इन योजनाओं को अपने गांव में सही तरीके से लागू कर सके और आम लोगों तक इनका लाभ पहुंचा सके। इस दौरान फाइनेंस कमेटी और केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई सरपंचों को यह भी बताया गया कि इन योजनाओं का असली उद्देश्य

**जानकारी दी**

इस कैंप में क्षेत्र के सभी सरपंचों को सरकार की ओर से चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

क्या है इन्हें लागू करने की प्रक्रिया क्या होगी और लाभ पाने के लिए किन पात्रताओं की जरूरत होती है प्रशिक्षण का मकसद यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी योजना जानकारी के अभाव में अधूरी ना रह जाए पर प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश खोखर ने यह भी बताया कि सरपंचों को योजनाओं से जुड़ी हर जानकारी विस्तार से दी जा रही है उन्हें एक विशेष ट्रेनिंग किट भी दी गई जिसमें सभी योजनाओं का विवरण मौजूद है उन्होंने कहा कि कई बार नहीं योजनाएं आने पर सरपंचों को उन्हें समझने में दिक्कत होती है लेकिन इस ट्रेडिंग में अब वह पूरी तरह से तैयार रहेंगे।

## 18 मई को जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में लगेगा मेघा रक्तदान शिविर: डॉ कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जाट सभा (जाट धर्मशाला करुक्षेत्र) सदैव समाज सेवा के कार्यों में संलग्न रहती है। कुछ दिन पहले जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र का चुनाव हुआ था जिसमें जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद चुने गए थे। जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र का प्रधान बनते ही डॉ. कृष्ण श्योकन्द ने संकल्प लिया था कि वह बुजुर्गों के आशीर्वाद से और नौजवानों व अन्य समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलों पर अपना पूरा फोकस रखेंगे। डाक्टर कृष्ण



श्योकंद ने बताया कि वह समाज में फैली हुई बुराइयों का डटकर विरोध करेंगे तथा हिंदू विवाह एक्ट में संशोधन हेतु सभी खापों एवं पंचायतों से मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया 18 मई को जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रविवार को बहुत बड़ा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है जोकि प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है । रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक का खतरा टल जाता है इसलिए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए बढ़ चढ कर भाग लें।

## मंदबुद्धि व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के केएमपी जीरो प्वाइंट के नजदीक सड़क हादसे में एक मंदबुद्धि व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है। गांव छतेहरा निवासी अंकुश ने पुलिस को सूचना दी कि 13 मई की रात करीब 11:30 बजे एक अज्ञात वाहन ने मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से रोहतक पीजीआई भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आदर्श विद्यालय में मोहित बने ब्लॉक टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शहीद बलबीर सिंह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद के प्राचार्य भीमसेन ने बताया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,नई दिल्ली द्वारा कल कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं का परिणाम जारी किया गया। विद्यालय का परिणाम शानदार रहा। जिसमें आर्ट्स संकाय के मोहित कुमार निवासी कंथला ने 96% लेकर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ज्योति ने 93% द्वितीय,स्नेहा ने 91.8% तृतीय,सिमरन ने 90% अंक प्राप्त किए। कामर्स संकाय में ज्योति देवी 92.2% लेकर प्रथम, अंकुश ने 90.6% द्वितीय, परविन्द्र सिंह ने 86.8% तृतीय, सिमरन सिंह ने



85.6% , हर्ष ने 84.2% प्राप्त किए। साईस संकाय मे रमनदीप ने 89% अंक लेकर प्रथम, लक्ष्य गोयल ने 88.4% द्वितीय,नेहा देवी ने 83.2% तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि रमनदीप और लक्ष्य गोयल ने जेईई-मेन्स की परीक्षा को अच्छे परसेंटाइल से पास किया था। वहीं कक्षा दसवीं में गुंजन ने 82% लेकर प्रथम, सुमित गोयल ने 81.6% लेकर द्वितीय, शगुन ने 81.2% लेकर तृतीय एवं मानसी ने 80.6% अंक प्राप्त किए। प्राचार्य भीमसेन ने सभी प्राध्यापकों,अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर उप-प्राचार्य जितेन्द्र,विष्णु एबीआरसी,प्राध्यापक डॉ.बलवान सिंह,जोगिन्द्र सिंह,सुनील कुमार,मंजू

**शानदार**

आर्ट्स संकाय के मोहित कुमार निवासी कंथला ने 96% लेकर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया

यादव,अनीता सैनी,धूम सिंह,हरीश,रचना सक्सेना,राजेन्द्र कुमार,मनीराम,रीटा, रणधीर,रचना, अनिल कुमार,सुमेन्द्र सांगवान, शिवानी, संतराम, तपेश,संजय मित्तल,अंजु, रजनी,नीलम,मुकेश, पुनीत,पवन कुमार लिपिक समेत सभी स्टाफ सदस्य एवं करमजीत सिंह सहित विद्यार्थियों के परिजन मौजूद रहे।

## मान सिंह कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स एसोसिएशन के बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का त्रि वार्षिक सम्मेलन नॉन टीचिंग क्लब में प्रधान मानसिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर भीम सिंह दहिया पूर्व कुलपति कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एमएल रंगा पूर्व कुलपति कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रहे ।पूर्व नियंत्रक डॉक्टर हुकम सिंह और एसोसिएशन के पैटर्न डॉ बाबू राम गुप्ता विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य ऑडिटर महावीर दहिया और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान जितेंद्र



बंसल ने चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। प्रोफेसर भीम सिंह दहिया डॉक्टर एमएल रंगा को प्रधान मानसिंह, रामलाल महासचिव बाबू राम गुप्ता एवं डॉक्टर हुकम सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।सम्मेलन में संगठन के कोषाध्यक्ष रामकुमार जांगड़ा ने तीन साल का लेखा-जोखा रखा ।रामलाल महासचिव ने गत तीन साल की गतिविधियों की रिपोर्ट रखी। जिसे आम सभा ने करतल ध्वनि से पास किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ बाबूराम गुप्ता ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पेंशन लागू करने का श्रेय प्रोफेसर भीम सिंह दहिया को दिया जिन्होंने अपने कुलपति के कार्यकाल में चौधरी भजनलाल तत्कालीन मुख्यमंत्री से मिलकर

**जिम्मेदारी**

पूर्व नियंत्रक डॉक्टर हुकम सिंह ने संगठन को सुचारु रूप से चलाने में अपने सहयोग का आश्वासन दिया

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पेंशन को लागू कराया। पूर्व नियंत्रक डॉक्टर हुकम सिंह ने संगठन को सुचारु रूप से चलाने में अपने सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व कुलपति डॉक्टर एमएल रंगा ने पेंशनर्स वेलफेयर के लिए एक कल्याण कोष बनाने का सुझाव दिया और इस कोश के लिए उन्होंने 31000 का दान दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम साल में एक या दो बार अवश्य किए जाने चाहिए। पूर्व कुलपति प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने कहा कि इस उम्र में हमें अपने आप को व्यस्त रखना चाहिए ताकि स्वस्थ रहें। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वह शिक्षा और अन्य विषयों पर लगभग 15 पुस्तक लिख चुके है। उन्होंने कल्याण कोष में यथा संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।सभा को संगठन के पूर्व प्रधान दीनानाथ शर्मा, हरिश्चंद्र, बलजीत सिंह,रामफल ओम सिंह , भीम सिंह सैनी ने संबोधित किया। 80 साल पूरे होने पर दीनानाथ शर्मा यशपाल ,समय सिंह, गीता राम सुलेख और भीम सिंह सैनी को शाल देकर सम्मानित किया गया।

## बीड कालवा स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम बहुत शानदार रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा का 12वीं कक्षा का परिणाम बहुत शानदार रहा। प्रधानाचार्य श्री ज्ञानचंद सैनी जी ने इस परिणाम का श्रेय स्कूल के सभी गुरूजनो को दिया। स्कूल के अंदर मनीष ने 440 जैनब खातून ने 410 वी भावना ने 408 अंक प्राप्त करके स्कूल में उच्च स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य श्री ज्ञानचंद सैनी जी व स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों ने पोजीशन प्राप्त करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मान किया। प्रधानाचार्य जी ने बताया की 9 विद्यार्थियों ने मेरिट



व 28 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त करके परीक्षा पास की है ।

इस मौके पर डॉक्टर संजीव कुमार व श्री दिनेश कुमार प्राध्यापक जी ने बच्चों की उज्जवलभविष्य की कामना की। इस मौके पर अशोक कुमार, रेखा छाबड़ा ,पूनम ,ममता अंजू शर्मा , मंजू, वैशाली ,राकेश कश्यप, राकेश कुमार पंजाबी अध्यापक ,प्रदीप शर्मा डीपी , पंकज कुमार, कृष्ण लाल सैनी जगबीर सिंह, एकता व प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

# गांवों को शहरों की तर्ज पर किया जा रहा विकसित: कबीरपंथी

**दौरा**

**नीलोखेड़ी क्षेत्र के गांवों का किया धन्यवादी दौरा, लोगों की सुनी समस्याएं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं और गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यानि अब गांवों में भी शहर जैसी सुविधा मिलनी शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी मिल रही है। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने शुक्रवार को अपने धन्यवादी दौरे के दौरान नीलोखेड़ी विधानसभा के निगदू मंडल के गांव डाबरथला व कमालपुर गांवों में दर्जनों कार्यकताओं के घर पहुंचकर जलपान किया और सभी का धन्यवाद किया व उनकी समस्या सुनी। इस अवसर पर विधायक का ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा, इस सपने को साकार करने करते हुए देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करने का काम करना है।
इस मौके पर निगदू मंडल के अध्यक्ष राजपाल हैबतपुर, सुरेश सरपंच, रोक्की, मलखान, चमेल सिंह, बलबीर सीकरी व गांव के सभी सम्मानित कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र की जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के उपरांत जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस विस्तार के अंतर्गत रसायन विज्ञान प्राध्यापक राजेंद्र कुमार बठला (राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इस्माईलाबाद) को वरिष्ठ उपप्रधान तथा अर्थशास्त्र प्राध्यापक विनीत गुप्ता (पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिहोवा) को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर हसला के चैयरमैन सतबीर कौशिक, संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा, महासचिव जयप्रकाश, उपमहासचिव संदीप फोगाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश



सैनी, उपप्रधान रविदत्त, वित्त सचिव अली शेर एवं राममेहर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।चैयरमैन सतबीर कौशिक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हसला का उद्देश्य प्राध्यापकों की समस्याओं को दूर करना और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है। नई नियुक्तियाँ संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाएंगी।" जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा, ह्लहसला एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करता है। संगठन में नए पदाधिकारियों का जुड़ना हमारे कार्यों को गति देगा। हम शिक्षक हितों की रक्षा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और कार्यस्थलों पर सकारात्मक माहौल सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नए सदस्यों से अपेक्षा है कि वे पूरे समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

**न्यूज फ्लैश**

## शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने निगम आयुक्त के साथ की बैठक



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु शुक्रवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने निगम आयुक्त पंकज यादव के साथ बैठक कर शहर की सफाई सुचारू रूप से करवाने हेतु बैठक की।विधायक ने बैठक में कड़क तेवर में निगम आयुक्त और निगम अधिकारियों से शहर मे सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से क्यू नहीं हो रही है एवं सफाई व्यवस्था कब तक ठीक होगी। इसका जवाब मांगा है, विज ने कहा अधिकारियों से कूड़ा उठान की व्यवस्था पर भी सवाल किए।
बारिश से पहले हो शहर के सभी नालों की सफाई:- विधायक विज और मेयर कोमल सैनी ने बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कराने के आदेश दिए हैं, एवं सफाई को लेकर एक्शन प्लान बनाने का भी आदेश दिया है क
विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में बताया कि शहर साफ और सुंदर दिखे ये हम सब का कर्तव्य है, मीटिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था और बेहतर हो एवं अधिकारी सफाई को लेकर अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे।

## कर्नल सोफिया कुरैशी ने देश की 140 करोड़ जनता को अशफाक उल्ला खान की कुर्बानी की याद दिलाई: वीरेश शांडिल्य

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**



एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि पहलगांव का बदला लेनी वाली व पाकिस्तान पर बिजली की तरह गिरने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने देश की 140 करोड़ जनता को शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खान की कुबार्नी को याद दिलाया जो अशफाक उल्ला खान ने भारत की आजादी के लिए देते हुए फांसी का फंदा चूमा था।
सही मायनों में जहां सोफिया कुरैशी देश की बेटी बन चुकी हैं वहीं वीरेश शांडिल्य ने कहा कि सोफिया कुरैशी की तुलना करनी है तो अशफाक उल्ला खान की बहन व बेटी के रूप में की जाए जिसने पाकिस्तान में घुसकर उसकी औकात बताई। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सोफिया कुरैशी को राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ साथ सेना में विशेष में प्रमोशन देकर देश की बेटी का सम्मान करना चाहिए इसको लेकर एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया पंजाब व हरियाणा के राज्यपाल को राजनाथ सिंह के नाम ज्ञापन देंगे। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनका संगठन एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया कर्नल सोफिया कुरैशी को प्राइड ऑफ नेशनल अवार्ड से नवाजेगी जिसमें अवार्ड के साथ साथ नगद राशि व दोशाला भी दी जाएगी। वहीं वीरेश शांडिल्य ने देश की बेटी बन चुकी कर्नल सोफिया कुरैशी से मांग की है कि वह मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को माफ करने की पहल करें क्योंकि इस विषय को मीडिया से दूर रखा जाए। आज सोफिया कुरैशी पाकिस्तान के लिए नहीं बल्कि उन देशों के लिए भी एक दहशत बन चुकी है जो भारत में आतंक फैलाना चाहते हैं।

# अहिल्याबाई आज भी शासन-प्रशासन के लिए प्रेरणा का स्रोत: डॉ. ममता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : अहिल्याबाई होलकर के शासन में न्याय, मयार्दा एवं लोक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जो आज भी शासन-प्रशासन के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।
उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, उन्होंने धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। यह विचार मैत्रेयी शाखा, भारत विकास परिषद, कुरुक्षेत्र की अध्यक्ष डॉ. ममता सचदेवा ने राजकीय महिला महाविद्यालय, पलवल, कुरुक्षेत्र एवं भारत विकास परिषद, मैत्रेयी शाखा,



कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।
डॉ. ममता सचदेवा ने इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की महान परंपरा से जोड़ने के प्रयास की सराहना की और आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने अहिल्याबाई के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उन्हें राजधर्म, सेवा और समाज सुधार की सजीव मूर्ति बताया। इससे पहले डा.मीनाक्षी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व अहिल्याबाई होलकर के योगदान और उनके जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं पर प्रकाश डाला।
डॉ. नीलम ढांडा ने अहिल्याबाई की न्यायप्रियता, धर्मनिष्ठा एवं जनसेवा को रेखांकित करते हुए उन्हें आज की युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श बताया।
मुख्य वक्ता डॉ. सीमा पांडेय ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन, शासन प्रणाली, सामाजिक सुधारों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. मोनिका ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई के कालखंड में पर्यावरणीय सततता एवं भारतीय स्थापत्य धरोहर पर केंद्रित विचार प्रस्तुत किए।
डॉ. सतबीर ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का नेतृत्व एक उदाहरण है कि किस प्रकार संवेदनशीलता, दूरदृष्टि और नैतिक मूल्यों के साथ सशक्त प्रशासन किया जा सकता है। डॉ. सतबीर ने छात्रों से आह्वान किया कि वे इतिहास से प्रेरणा लेकर अपने भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित करें।

# मकान से लाखों के जेवर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के जुंडला गांव में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया और लाखों रुपए की गोल्ड ज्वेलरी चोरी कर ले गए। मकान मालिक अपने मायके गई हुई थी और शुक्रवार को वापस लौटी तो घर का ताला टूटा देखा।
मकान के अंदर जाकर देखा तो अलमारी से करीब 9 तोले सोने के गहने गायब थे। महिला ने तुरंत जुंडला पुलिस चौकी में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव जुंडला निवासी सरबजीत कौर पत्नी कुलवंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 मई को अपने मायके निसिंग गई हुई थी। आज सुबह करीब 6 बजे जब वह घर लौटी तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। शक हुआ तो अंदर जाकर सामान चेक किया, जहां अलमारी का ताला भी टूटा मिला और उसमें रखे सोने के जेवर गायब थे। सरबजीत कौर ने बताया कि अलमारी में रखे कुल 9 तोले सोने के गहने चोरी हुए हैं। इनमें एक गले का लेडीज सेट, दो लेडीज अंगूठियां, एक जेंट्स अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कांटे और एक जोड़ी टॉप्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह चोरी रात के समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसका करीब पौने 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# जेल से पैरोल पर आया कैदी नहीं लौटा वापस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल जेल में डबल मर्डर मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा जींद का एक कैदी पैरोल पर आया था, लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद आरोपी वापस जेल नहीं पहुंचा। इस पर जेल अधीक्षक ने जींद सदर थाना पुलिस को कैदी को ढूंढने की शिकायत दी है। आरोपी 2016 में एक डबल मर्डर मामले में सजायाफ्ता है तो वहीं उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, लूट और जानलेवा हमला करने के 18 केस दर्ज हैं।
करनाल जेल के अधीक्षक ने सदर थाना जींद पुलिस को दी



शिकायत में बताया कि रामराय खेड़ा गांव निवासी दीपक उर्फ बच्ची 2016 में रामराय गांव में मर्डर के मामले में दोषी है।
\इस केस में दीपक उर्फ बच्ची को तत्कालीन एएसजे अमरजीत सिंह की अदालत ने 25 जनवरी 2023 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।
इस दौरान वह करनाल जेल में आर्म्स एक्ट के मामले में बंद था।

# छात्रा ने किया सुसाइड, हॉस्टल रूम में लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनडीआरआई) के हॉस्टल में एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में सुसाइड कर लिया। छात्रा एनडीआरआई में मास्टर डिग्री कर रही थी। वह पिछले तीन.चार महीने से मेडिकल लिव पर थी और पिछले शुक्रवार को ही एनडीआरआई लौटी थी। बीती रात उसने सुसाइड कर लिया। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जाएगी।
मृतका की पहचान वंशिका के रूप में हुई है। वह यूपी के



उन्नाव की रहने वाली थी और करनाल की एनडीआरआई में मास्टर डिग्री कर रही थी। पुलिस के मुताबिक वह काफी समय से बीमार थी, जिसकी वजह से उसने एनडीआरआई से तीन-चार महीने की मेडिकल लिव भी ली हुई थी। ठीक होने के बाद वह एनडीआरआई पहुंची थी। वीरवार को वह अपने टीचरों के पास थी। उसने शाम को मेस से खाना लिया और खाया भी। इसके बाद वह अपने हॉस्टल में चली गई। हालांकि उसके रूम में बिहार की एक लडक ी रहती है, लेकिन वह उस वक्त अपने घर गई हुई थी। वंशिका अपने रूम में अकेली थी।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा के दिल्ली रोड स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न विषयक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ मौजूद रहे, जबकि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि और विधायक पवन खरखौदा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।
ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से न सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं।

# वेदांता में लीडरशिप रोल्स में 28 फीसदी महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
धातु एवं खनन उद्योग को दुनिया भर में पुरुष प्रधान सेक्टर माना जाता रहा है, किंतु वेदांता ने इन नियमों को बदल डाला है- वेदांता न सिर्फ अपने संचालन में बल्कि भारत के ओद्योगिक परिवेश में भी बड़े बदलाव लाई है। लीडरशिप रोल्स में 28 फीसदी तथा कुल कार्यबल में 21 फीसदी महिलाओं के साथ वेदांता ने धातु एवं खनन उद्योग के विश्वस्तरीय मानकों को भी पीछे छोड़ दिया है। क्योंकि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक विश्वस्तर पर इस उद्योग में लीडरशिप रोल्स में महिलाओं की भागीदारी औसतन 8 फीसदी है। यह उपलब्धि आंकड़ों के दायरे से कहीं बढ़कर है जो मजबूत और बुलंद इरादों के साथ सांस्कृतिक



बदलाव को दशार्ती है।
मधु श्रीवास्तव, चीफ ह्युमन रिसोर्स ऑफिसर, वेदांता लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यशुरूआत से ही हमें समावेशी भविष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। हम न सिर्फ महिलाओं को अपने कार्यबल में शामिल करते हैं बल्कि उन्हें बदलावकर्ता के रूप में प्रोत्साहित भी करते हैं। वेदांता में हम इस बात को समझते हैं कि समाज की उम्मीदें महिलाओं के विकास में अदृश्य बाधाएं उत्पन्न करती हैं। यही कारण हैं कि हम उनकी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी पॉलिसियां बनाते हैं, ताकि उनके पेशेवर विकास में रूकावट न आए, खासतौर पर कामकाजी माताओं के लिए जीवन के विभिन्न अवस्थाओं में यह बेहद जरूरी होता है।ह्न
महिलाओं को अक्सर ओद्यौगिक भूमिका निभाते हुए कई अदृश्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इन्हें पहचान कर दूर करने के सक्रिय प्रयासों के चलते ही वेदांता यह बदलाव लाने में सफल हुई है। ह्यह्यशुरूआत से ही हमें समावेशी भविष्य पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।ह्न मधु श्रीवास्तव, चीफ ह्युमन रिसोर्स ऑफिसर, वेदांता लिमिटेड ने कहा। ह्यहम न सिर्फ महिलाओं को अपने कार्यबल में शामिल करते हैं बल्कि उन्हें बदलावकर्ता के रूप में प्रोत्साहित भी करते हैं।ह्न इन्हीं मूल्यां के साथ वेदांता ऐसी पॉलिसियां लेकर आई है जो महिलाओं, खासतौर पर कामकाजी माताओं को जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में सहयोग प्रदान करती है

# पीओके को वापस लिया जाना चाहिए, यही हमारा लक्ष्य हो: आठवले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार वालिया ने कहा कि उनकी पार्टी प्रमुख केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लिया जाना चाहिए। यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।
अश्विनी कुमार वालिया ने बताया कि राम दास अठावले की विचारधारा को हरियाणा के कोने कोने तक पहुंचाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष रवि कुंडली के नेतृत्व में अभियान चलाया जा



रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना हो रही है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है। भारत ने प्रस्ताव रखा है कि पाकिस्तान को पीओके (भारत को) सौंप देना चाहिए और आतंकवादी गतिविधियां बंद कर देनी चाहिए।

# डीजीपी हरियाणा ने लॉन्च की नई टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
हरियाणा की फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), जो कभी केवल एक विश्लेषणात्मक संस्था मानी जाती थी, आज वैज्ञानिक न्याय प्रणाली की रीढ़ के रूप में उभर चुकी है। हरियाणा पुलिस की एफएसएल ने पिछले डेढ़ वर्षों में न केवल अत्यधिक वैज्ञानिक उपकरणों की बड़ी संख्या में खरीद की है, बल्कि एसएसओ, साइबर फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित अन्य सहयोगी स्टाफ की भर्ती करते हुए कार्य व न्याय प्रणाली को नई गति प्रदान की है, परिणामस्वरूप लंबित मामलों में प्रभावशाली गिरावट दर्ज की गई



है।
घटनास्थल पर ही सटीक जांच : मोबाइल फॉरेंसिक वैन से बढ़ी पहुंच और विश्वसनीयता
एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने एफएसएल मधुबन परिसर से चार अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने फॉरेंसिक मोबाइल वैन का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि इन वैनों को डीएन, सैंपलिंग, फिंगरप्रिंट कैप्चरिंग, डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन, कैमरा रिकॉर्डिंग और प्राथमिक विश्लेषण की सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। ये वैन घटनास्थल पर पहुँचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र कर सकेंगी, जिससे परंपरागत देरी और संभावित साक्ष्य क्षरण की समस्या से छुटकारा मिलेगा। यह पहल ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जहां पहले जांच अधिकारियों को विशेषज्ञों के पहुंचने की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। अब घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए जा सकेंगे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।
सबूतों की सुरक्षा को मिली नई परिभाषा : टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग का शुभारंभ
इसी कार्यक्रम में डीजीपी हरियाणा ने एफएसएल द्वारा विकसित अत्याधुनिक टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग और सीलिंग सामग्री का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पैकेजिंग इस तरह डिजाइन की गई है कि एक बार सील होने के बाद यदि किसी ने उसके साथ छेड़छाड़ की तो वह स्पष्ट रूप से पहचानी जा सकेगी। इससे अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों की वैधता को और अधिक मजबूती मिलेगी। टेम्पर-प्रूफ पैकेजिंग न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही का एक नया आयाम जोड़ रही है। यह वैज्ञानिक प्रक्रिया अब यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी साक्ष्य रास्ते में बदला या नष्ट नहीं किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के भोला खालसा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला फंदे से लटकी मिली, लेकिन उसके मायके वालों का आरोप है कि उसे फंदे से नहीं लटकाया गया, बल्कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों का कहना है कि उसका पति अक्सर झगड़ा करता था और कई बार पंचायत भी हो चुकी थी। 15 दिन पहले भी पंचायत के बाद कविता को समझा-बुझाकर वापस ससुराल भेज दिया गया था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हमें शव देखने तक नहीं दिया गया। पुलिस ने रात में



ही शव को कब्जे में लेकर शवगृह भेज दिया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया गया। मायके वाले शव को लेकर टिकरी गांव चले गए, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की पहचान टिकरी गांव निवासी कविता के रूप में हुई है, जिसकी शादी 10 साल पहले भोला खालसा गांव के अनिल के साथ हुई थी। कविता के दो बच्चे हैं। कविता के परिजन पवन कुमार और कुलदीप ने बताया कि गुरुवार देर रात को उसके पति अनिल ने खुद फोन करके जानकारी दी कि कविता ने सुसाइड कर लिया है। जब हम मौके पर पहुंचे तो वहां जो हालात दिखे, उससे यह सुसाइड नहीं बल्कि हत्या लग रही थी। हमें कविता का शव भी नहीं देखने दिया गया। ससुराल वालों का व्यवहार भी ठीक नहीं था। कविता का पति पहले भी उसे मारने की धमकी देता था। परिजनों ने बताया कि शादी के सिर्फ तीन साल बाद ही झगड़े शुरू हो गए थे और ये सिलसिला लगातार चलता रहा।

# स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, प्रदूषण और महंगाई से परेशान है जनता: भारद्वाज





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली कांग्रेस आम लोगों से जुड़ने के लिए अपनी जमीनी पृष्ठभूमि को मजबूत करने में लगी है। जिसके चलते ब्लॉक कार्यकारिणी के तहत मंडलम टीम बनाने में जुटी है। जोकि एक अच्छी पहल है। इसी को लेकर गोकुलपुर ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर-पूर्वी लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, सचिव व जम्मू कश्मीर प्रभारी मनोज यादव, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला ऑब्जर्वर लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ, फरीद शाह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह, ईश्वर बागड़ी और ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास शर्मा, एडवोकेट सतबीर सिंह, राकेश ठाकुर व डॉ अकरम ने कार्यकारिणी सदस्यों में जोश में भरा। इस मौके पर सभी ने पार्टी संगठन के लिए मजबूती से काम करने का वायदा करते हुए कहा कि दिल्ली की ताकत अलग अलग जगहों से आकर बसे लोगों और उनकी विविधता में है, और हमें इसे संजोकर रखना है ताकि हर समुदाय के लोग सम्मान और समानता के साथ जी सकें। दिल्ली आज कई चुनौतियों से जूझ रही है प्रदूषण, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और महंगाई। इनका समाधान तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर काम करें। चाहे मंदिर की घंटी हो, मस्जिद की अजान, गुरुद्वारे का शबद या चर्च की प्रार्थना, हर आवाज हमें एकता की याद दिलाती है। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो हर धर्म, हर वर्ग के लोगों को स्वच्छ हवा, अच्छी शिक्षा और रोजगार के अवसर दें, ताकि दिल्ली सचमुच एक आदर्श शहर बन सके। उन्होंने आगे कहा हमें पहले की तरह ही मूल समस्याओं की जड़ों को पकड़कर उनका निवारण करवाने में अहम भूमिका निभानी होगी। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, बढ़ता प्रदूषण, टूटी सड़के और नालियों ने दिल्ली को विकृत कर दिया है। पिछले 11 वर्षों में यमुना बदहाली के आंसू बहा रही है। सरकार तो बदली लेकिन के हालात न बदले। जिसके लिए हमें आगे आना होगा ताकि लोगों की मूलभूत समस्याओं की आवाज बनकर उनका निवारण कर सकें। इस मौके पर नरेश पाल, मुनेश कुमार, प्रदीप कुमार, एम एल निगम, सुमित मलिक, अली हसन, कमरुद्दीन, मुखियार, हासमी, सोमपाल शर्मा, रमेश गोस्वामी, बलजीत शर्मा, राज ठाकुर, रोशन लाल, बी डी शर्मा सबाब आजाद मौजूद रहे।

## दिल्ली सरकार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड का करेगी गठन: कपिल

**शिवानी मोरवाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एक ऐतिहासिक पहल के तहत श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में गिग वर्कर्स और प्रमुख प्लेटफॉर्म कंपनियों एवं एग्रीगेटर्स जैसे स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, उबर, अर्बनक्लैप और बिगबास्केट के प्रतिनिधियों के साथ पहली बार बैठक की।



इस बैठक का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक, चिकित्सीय और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जो तेजी से बढ़ते गिग इकोनॉमी में उनके कल्याण और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैठक में गिग वर्कर्स को अपनी समस्याओं को सीधे सरकार और एग्रीगेटर्स के सामने रखने का मंच प्रदान किया। उन्होंने लंबे काम के घंटे, अपर्याप्त भुगतान और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को उजागर किया, जिन्होंने उनकी आजीविका को लंबे समय से प्रभावित कर रखा है। गिग वर्कर्स ने बताया कि ये चुनौतियाँ उनके दैनिक जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रही हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस से मिले फेस्टा के सदस्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तेलीवाड़ा से लेकर मिठाई पुल तक बढ़ती अपराधी घटनाओं व अन्य समस्याओं को लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन का प्रतिमंडल उत्तरी जिला उपायुक्त राजा बांठिया से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव छाबड़ा, महासचिव राजेंद्र शर्मा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।
बैठक में व्यापारियों ने बताया तेलीवाड़ा चौक से मिठाई पुल तक आए दिन आपराधिक घटनाएं होती रहती है। जिसमें 5-6 लोगों का गैंग ग्रुप में आता है।

## समाज कल्याण मंत्री ने आशा किरण होम रोहिणी में दिव्यांगजनों के साथ मनाया जन्मदिन

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को रोहिणी स्थित आशा किरण होम में मानसिक रूप से दिव्यांगजनों के साथ अपना जन्मदिन मनाया।
समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी पहली होली दो माह पूर्व आपके बीच मनाई थी। आज मैं अपना जन्मदिन आपके साथ मनाने आया हूँ, हमारी सरकार का प्रयास है की समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ भावनात्मक जुड़ाव और समावेश सुनिश्चित किया जा सके। रविन्द्र इन्द्राज ने दिव्यांगजनों का हाल



जानने के बाद आयोजन के दौरान कहा कि आज बच्चों की भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन को आनंद और प्रेरणा से भर दिया है। इस अवसर पर आप सभी से मिला प्रेम और शुभकामनाएँ मेरे लिए जन्मदिन का सबसे शानदार उपहार है। आप सब मेरे लिए ईश्वर का अंश और परिवार के सदस्य की तरह हैं।

## आर.के. इंटरनेशनल स्कूल ने रचा कीर्तिमान, सीबीएसई 10वीं और 12वीं में शत-प्रतिशत परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के नामचीन शिक्षण संस्थान, आर.के. इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह शानदार उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। कक्षा 12वीं का शानदार प्रदर्शन इस वर्ष कक्षा 12वीं में कुल122 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैनिटीज संकाय की छात्रा कृति ने 95.6% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहक ने 94.6%





अंकों के साथ द्वितीय स्थान और रक्षिता ने 93.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 18 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 64 ने 80% से अधिक, और 97 ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। **कक्षा 10वीं में भी उत्कृष्ट परिणाम:** कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। अर्पित ने 92.4% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मयंक और अंशु चौधरी ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इस कक्षा में 19 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 74 ने 80% से अधिक, और 103 ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल के शैक्षणिक स्तर को उजागर किया, बल्कि बाहरी दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मानदंड भी स्थापित किया है। स्कूल के इस प्रदर्शन ने अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी एक प्रेरणा का काम किया है। प्रबंध निदेशक सुनीता शर्मा ने अपने संदेश में कहा, यह परिणाम हमारे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हम भविष्य में भी ऐसी ही उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कृष्ण शर्मा, प्रबंध निदेशक सुनीता शर्मा, निदेशक आकाश शर्मा और ऐश्वर्या, प्रबंधन प्रतिनिधि शिल्पी शर्मा, और प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में नहीं हो रहा है काम, जनता हो रही है परेशान: रेखा सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झडौदा वार्ड से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा कि बुराडी विधानसभा क्षेत्र दिल्ली की सबसे पुरानी और प्राचीनकालीन विधानसभा है, बावजूद इसके बुराड़ी की जनता सरकार द्वारा दिए जाने वाली मुलभूत सुविधाओं से पिछले 11 सालों से वंचित है, जबकि क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा पिछले चार बार से लगातार जीतते हुए आ रहे है और क्षेत्र के विधायक पद पर बने हुए है, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई



है। रेखा सिन्हा ने कहा कि पिछले 11 सालों के कार्यकाल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावा कोई दूसरा काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि बुराडी क्षेत्र प्रत्येक गलियां और मेन रोड़, चौराहें, मुख्य सड़कों सहित समूचा बुराड़ी ही गंदगी की मार झेल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश की चंद बूंदे बुराड़ी के लोगों के लिए राहत कम और आफत ज्यादा लेकर आती है, क्योंकि बुराड़ी में बारिश की चंद बूंदे बरसते ही जलभराव और सडकों पर लंबा जाम लग जाता है, लेकिन विधायक ने पिछले 11 सालों में न तो टूटी हुई सड़कों को बनवाया और न ही जाम की समस्या को लेकर कोई ठोस कदम उठाया है। रेखा सिन्हा ने कहा कि दिल्ली में अब भाजपा की सरकार आ गई है तो अब विकास भी देखने को मिलेगा।

## विजेन्द्र ने आयुष्मान कार्ड पंजीकरण शिविर का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी क्षेत्र के विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीकरण शिविर का दौरा किया। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के स्थानीय वृद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर अपना पंजीकरण कराया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने वाली एक परिवर्तनकारी पहल बताया।

## राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) की कामगार सैल की कार्यकारिणी हुई भंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) की कामगार सैल कार्यकारिणी देश के कई राज्यों में जैसे दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कामगार सैल कार्यकारिणी कार्य कर रही थी। आज से ही कामगार सैल की पूरी राष्ट्रीय व सभी प्रदेशों की कार्यकारिणी को भंग किया जाता है। उक्त जानकारी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने दी। इसमें जुड़े हुए सभी सदस्यों/ पदाधिकारियों से अपील करते हैं कि राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) की विचारधारा से जुड़े रहना है पार्टी के हित में रह कर काम करें।

## आजादपुर मंडल का अध्यक्ष बनने पर शीर्ष नेतृत्व किया धन्यवाद

# सरकार के कार्यों से खुश है लोग, बेहतर हो रहे है कार्य: इन्द्रजीत मुखी



**भाजपा मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने कहा...**

● विधायक राजकुमार भाटिया के निदेर्शानुसार क्षेत्र में बेहतर कार्य चल रहे है। विधायक राजकुमार भाटिया समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और जनता की समस्याओं का समाधान करने में आगे है और साथ ही निगम पार्षद सुमन शर्मा के कार्य भी सराहनीय हैं: इन्द्रजीत मुखी



**कुछ अलग करना हो,**
**तो भीड़ से हट कर चलो,**
**भीड़ साहस तो देती है,**
**मगर पहचान छीन लेती है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे हैं जो आज अपने कार्यों की बदौलत आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।
जी हम बात कर रहे हैं आजादपुर मंडल भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत मुखी की। आपको बता दें कि इंद्रजीत मुखी जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं, वहीं क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से भी इनका बड़ा अच्छा लगाव है, यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने इनके कार्यों को देखते हुए इनको आजादपुर मंडल में मुख्य दायित्व मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।
**हमेशा ही जनहित के लिए कार्य करती है भाजपा:** इनका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के विकास के लिए कार्य करती है, आज जो देश में विकास हो रहा है वह भारतीय जनता पार्टी के राज में ही हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, यही कारण है कि आज देश और दुनिया के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे हैं।
**जनता को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए कटिबद्ध है सरकार:** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने के बाद दिल्ली की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य मंत्रियों की टीम के द्वारा दिल्ली के विकास पर उचित ध्यान दिया जा रहा है जिससे कि दिल्ली के निवासियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्री समय-समय पर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जन समस्याओं के समाधान हेतु उचित निर्णय ले रहे हैं, जिससे कि दिल्ली स्वच्छ दिल्ली और सुंदर दिल्ली बन सके।
**मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने किया शीर्ष नेतृत्व का धन्यववाद:** मैं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मैं प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सहित तमाम शीर्ष नेताओं का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करता हूं और यह शपथ लेता हूं कि मैं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर चलते हुए और सच्चाई का साथ देते हुए हमेशा ही जनहित में कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।
**समस्याओं का होगा समाधान:** इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि जनता की जो भी समस्याएं हैं उसको लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
मैं खुद धार्मिक व सामाजिक संगठनों से मिल रहा हूं और उनकी जो भी समस्याएं है, उसे नोट कर रहा हूं ताकि उसका उचित समाधान करवाया जाये।
उन्होंने आगे बताया कि विधायक राजकुमार भाटिया के निदेर्शानुसार क्षेत्र में बेहतर कार्य चल रहा है। विधायक राजकुमार भाटिया समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और साथ ही निगम पार्षद सुमन शर्मा के कार्य भी सराहनीय हैं।




**-प्रस्तुति: एक्शन इंडिया टीम**

## न्यूज फ्लैश

### मदर्स रेसिपी ने लॉन्च किया समरवाला शरबत




**गाजियाबाद।** पारंपरिक और स्वादिष्ट फ्लेवर के लिए जाना जाने वाला भारत का होमग्रोन एथनिक ब्रांड मदर्स रेसिपी गर्मियों की यादें ताजा करने वाला अपना नया प्रोडक्ट रेंज समरवाला शरबत लेकर आया है। इस नई श्रृंखला के माध्यम से मदर्स रेसिपी ने गर्मियों के महीनों में घर का बना ठंडा शरबत पीने की परंपरा को फिर से जीवित किया है। खाने के जरिए भावनाएं और परंपरा संजोने के अपने मूल सिद्धांत पर चलते हुए, ब्रांड ने ऐसे आनंदभरे पल फिर से लाए हैं जो घर के बने शरबत को परिवार और मेहमानों के साथ बाँटने के खुशी से जुड़े हुए हैं। भारत में शरबत बनाने की कला केवल गर्मियों की एक रस्म नहीं है, बल्कि यह पीढ़ियों से चली आ रही एक पसंदीदा परंपरा है। जब ग्लास में शरबत डाला जाता है, तो एक-एक बात की याद आ जाती है झ अक्सर दादी की प्यार से संजोई हुई रेसिपी की, या किसी गर्म दोपहरी में मेहमानों को खास शरबत परोसने की खुशी की। शरबत सिर्फ एक ठंडा पेय नहीं है, बल्कि यह दिल से दिया गया एक उपहार होता है। इस श्रृंखला में पांच स्वादिष्ट फ्लेवर शामिल हैं: आम पन्ना, गुलाब शरबत, जीरा मसाला, खस सिरप और लेमन-जिंजर। हर फ्लेवर पारंपरिक और प्राकृतिक सामग्री से सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जो अपनी हाइड्रेटिंग और स्वास्थ्यवर्धक विशेषताओं के लिए जाने जाते हैं। ये शरीर को ठंडा रखने, पाचन में मदद करने और गर्मी को मात देने में सहायक हैं। यह शरबत ठंडे पानी में पुदीना और नींबू के साथ परोसा जाए, मॉकटेल बनाया जाए या फालूदे में इस्तेमाल हो - यह शरबत कई तरीकों से इस्तेमाल कीया जा ससकता है और किसी भी गर्मियों की पार्टी या दावत के लिए एकदम परफेक्ट है।

### शापूरजी पालोनजी रियल एस्टेट ने गुरुग्राम में लग्जरी प्रोजेक्ट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** शापूरजी पालोनजी रियल एस्टेट (एसपीआरई) ने क्रीवा (कनोडिया रियल एस्टेट वेंचर आर्म) तथा एएसके प्रॉपर्टी फंड के साथ मिलकर, गुरुग्राम के सेक्टर 46 में एक प्रतिष्ठित लग्जरी आवासीय परियोजना द ड्यूएलिस शुरू करने का ऐलान किया है। अगले पांच वर्षों में, इस प्रोजेक्ट से 1,400 करोड़ रुपएसे ज्यादा का कुल राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। लगभग 150 मीटर ऊंचा, द ड्यूएलिस इस इलाके के सबसे ऊंचे आवासीय टावरों में शुमार होगा, जहां से गुरुग्राम की स्काईलाइन का नजारा देखा जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट में 2 टावर हैं, जिनमें 3 व 4 बीएचके वाले 198 आलीशान आवास मौजूद हैं। इनका बेचने लायक क्षेत्रफल 2,850 से लेकर 3,600 वर्ग फीट तक का रहेगा। शापूरजी पालोनजी रियल एस्टेट (एसपीआरई) के सीईओ तथा जॉयविले शापूरजी हाउसिंग के मैनेजिंग डाइरेक्टर श्री श्रीराम महादेवन ने कहा, द ड्यूएलिस के दम पर, हम ऊंची संभावनाओं वाले माइक्रो-मार्केट में एक ऐसा प्रोडक्ट लेकर दाखिल हो रहे हैं जो लोकेशन, भव्यता और गुणवत्ता का संगम है। यह साझेदारी संस्थागत फंडिंग, स्थानीय बाजार की गहरी विशेषज्ञता और बेहतरीन निर्माण की साझा विरासत को एक साथ ले आई है।

क्रीवा के सीईओ श्री मयंक जैन का कहना है, द ड्यूएलिस गुरुग्राम के सबसे उम्मीद भरे इलाके में, पूरी प्रतिबद्धता के साथ लग्जरी, भव्यता और सुसंस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहा है। शापूरजी पालोनजी रियल एस्टेट और एएसके प्रॉपर्टी फंड के बीच हुई यह सहभागिता, इस लोकेशन की निवेश क्षमता का तगड़ा समर्थन करती है, और हमें पूरा विश्वास है कि द ड्यूएलिस इस इकाले में लग्जरी जिंदगी बिताने का एक नया मानक स्थापित करेगा। द ड्यूएलिस का लक्ष्य यह है कि सोच-समझकर तैयार की गई सुख-सुविधाओं वाली इस 60,000 वर्ग फुट से ज्यादा फैली जगह के माध्यम से, एक बेजोड़ लाइफ स्टायल का अनुभव प्रदान किया जाए। यहां के निवासी क्यूरेट किए गए अन्य सुखद अनुभव प्राप्त करने के अलावा, बैंक्वेट हॉल, स्पा, सैलून, रीडिंग जोन, जिम्नैजियम, योग डेक और बारबेक्यू एरिया तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। ऊंचे स्तर के क्लब में एक स्विमिंग पूल, एक गोल्फ सिम्युलेटर, इनडोर गेम और बच्चों के खेलने लायक क्षेत्र होंगे - जो रहने का संपूर्ण मजा देते हैं।

# एमएलसी योगेश नौहवार ने विद्युत विभाग की शिकायत संसदीय समिति के समक्ष रखी

**पैरवी**

**-विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति ने की जनप्रतिनिधियों के सम्मान की पैरवी**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक सभापति सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य किरण पाल कश्यप, उमेश द्विवेदी तथा हंसराज विश्वकर्मा उपस्थित रहे। सभापति ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने कार्यों की शिलापट्टिका में जनप्रतिनिधियों के नामों को अंकित करें। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परियोजना निदेशक अरुण कुमार को निर्देश दिए कि पात्रों को आवास अवश्य मिलें। सर्वे के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, कोई भी पात्र छूटना नहीं चाहिए। सभापति ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जनपद में पानी की समस्या पर कार्य योजना बनाकर समस्या को दूर कराए। अधिकारियों ने बिताया कि प्रत्येक वार्ड में दो गाड़ियां है। नगर निगम के पास लगभग 100 टैंकर है। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि समस्त सफाई कर्मियों का वेतन समय से दिया जाए। नगर निगम क्षेत्र में लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रहे। एमएलसी योगेश चौधरी ने कोसीकलां क्षेत्र में विद्युत से संबंधित शिकायत समिति के समक्ष रखी, जिसपर सभापति ने निर्देश दिया कि तीन दिनों में शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करे तथा कृत कार्यवाही से समिति को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि जनपद में 12 सीएचसी व 27 पीएचसी है, लगभग 70 एम्बुलेंस विभिन्न प्रकार की है तथा जनपद की मोर्चरी में 3 डीप फ्रीजर है। समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल ने बताया कि जनपद में तीन छात्रावास हैं।
अपर मुख्य अधिकारी से समिति ने दुकानों एवं पशु बाजार की जानकारी ली, जिसपर समिति को अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 200 दुकानें है तथा तीन पशु बाजार है।

## डाक सेवा समाधान दिवस की हुई शुरूआत, दर्ज हुईं 6 शिकायतें



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
डाक विभाग द्वारा शुक्रवार को आयोजित पहले डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन प्रधान डाकघर परिसर में किया गया। जिला मुख्यालय स्थित प्रधान डाकघर परिसर में प्रवर अधीक्षक डाकघर, मथुरा मंडल विजेंद्र की अध्यक्षता में पहले डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
शिकायतकताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। कुल 6 लिखित शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन का समाधान तत्काल रूप से किया गया। ग्राहकों को डाक सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। शेष लंबित शिकायतों को संबंधित शाखा को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया, जिनका समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक डाकघर, उप अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, डाक निरीक्षक एवं संबंधित शाखाओं के विभागीय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने किया गोवर्धन तहसील पर प्रदर्शन



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर आपरेशन संदूर को लीड कर रहीं कर्नल सौफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर मंत्री मंत्रीमंडल से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने गोवर्धन तहसील के गेट प्रदर्शन किया।
वक्ताओं ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश, नारी, सेना का अपमान है। जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता गोवर्धन में जुलूस निकालकर विजय शाह इस्तीफा दो, विजय शाह को गिरफ्तार करो, विजय शाह को बर्खास्त करो, आदि नारे लगाते हुए कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह, बनवारी चौधरी, दीपक कौशिक, माधव फौजदार, पदम सिंह, अनिल अरमान, धर्मेंद्र, अजीत सैनी, मानवेंद्र पांडव, लोकेश, मुकेश प्रधान, रवि कुंतल, कुलदीप चौधरी, गन्नों, संजीत फौजदार, विष्णु कुंतल आदि उपस्थित रहे।

## पांच दिन चलेगा जयगुरुदेव मंदिर पर भंडारा सत्संग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आगरा दिल्ली बाईपास स्थित जयगुरुदेव आश्रम में आगामी 17 से 21 मई तक पांच दिवसीय तेरहवाँ वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला आयोजित किया जा रहा है। विदित हो कि परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की 18 मई पुण्यतिथि है। इसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष जयगुरुदेव वार्षिक भण्डारा आयोजित किया जाता है। महापुरुषों की पुण्यतिथि पर प्रेमियों पर दयाधार की वृष्टि होती है। कार्यक्रम के अनुसार उपदेशकों के सत्संग नित्य प्रातः 5.30 व सायं 5.00 बजे होंगे। संस्थाध्यक्ष पंकज जी महाराज का सत्संग 19 मई को प्रातः 5.30 बजे होगा। जयगुरुदेव मन्दिर में पूजन 18 मई को रात्रि से प्रारम्भ होगा। भण्डारा 19 को मनाया जायेगा।

## प्लास्टिक मुक्त बृज रज की बच्चों ने ली शपथ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में प्लास्टिक मुक्त बृज की रज अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के छात्रों, अध्यापकों एवं अभिभावकों द्वारा सामूहिक रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रीकरण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय प्रांगण एवं परिवेश के आसपास बिखरे प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रीकरण कर भौतिक परिवेश को प्लास्टिक मुक्त किया गया व ग्राम वासियों को ऐसे कार्य के लिए प्रेरित किया गया। प्लास्टिक मुक्ति अभियान के द्वितीय चरण में छात्रों को प्लास्टिक मुक्त विद्यालय, ग्राम, समाज व राष्ट्र की स्वच्छता शपथ दिलाई गई।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि प्लास्टिक मुक्त अभियान प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए एक सामूहिक प्रयास है। यह अभियान एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, प्लास्टिक के कचरे को पुनर्चक्रण करने और प्लास्टिक के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। उन्होंने ग्राम वासियों को प्लास्टिक के उपयोग के हानिकारक प्रभावों और प्लास्टिक के कचरे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया ताकि लोग प्लास्टिक के उपयोग को कम कर सकें।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गुड्डी देवी, प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक, शिक्षका गीता सक्सेना, अचल कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री पूजा, ग्रामवासी आकाश, गौरव कुमार, पवन कुमार आदि की उपस्थिति रही।

# भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक

**लैंडिंग**

**लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूत करने हेतु एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी: .ईश राणा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है। रोज-रोज चुनाव होने से देश का आर्थिक विकास रुकता है। देश पर अनावश्यक भोज पड़ता है यह शब्द एक राष्ट्र एक चुनाव के कुरुक्षेत्र विभाग के संयोजक डॉ राजवीर आर्य ने जाटल रोड स्थित सेवा भारती के माता चंद्रकांता ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय के अध्यापकों तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहे। डॉ राजवीर ने कहा की लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होने से देश का बहुत सारा धन बचेगा जो देश के विकास कार्यों पर खर्च होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने कहा कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है। ईश कुमार राणा ने आगे कहा रोज-रोज चुनाव होने से लोगों की मतदान के प्रति रुचि कम होती जा रही है जिससे आम आदमी की लोकतंत्र में पूरी भागीदारी नहीं हो पा रही।यदि चुनाव एक साथ होंगे तो मतदान प्रतिशत अधिक होगा और लोकतंत्र में आम जन की भागीदारी होगी।
कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ यशदेव त्यागी ने अपने स्वागत भाषण में कहा की एक राष्ट्र, एक चुनाव समय की जरूरत है। अपने धन्यवाद भाषण में नगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा की सेवा भारती प्रकल्प तथा चंद्रकांता ट्रस्ट एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।
कार्यक्रम के आरंभ में ऑपरेशन सिंदूर में बलिदान हुए वीर सैनिकों को नमन किया गया तथा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके उपरांत सेवा भारती की प्रबंधन समिति ने डॉ राजवीर आर्य एवं ईश कुमार राणा को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में संस्था की ओर से राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन पर एक पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य रूप से सेवा भारती के सचिव सुरेश गाँधी, संदीप कुमार, दीपिका सिंगला, प्रवीण रेवड़ी अशोक अरोडा, श्याम मेहता, सुभाष सतीजा एवं अध्यापक गण मौजूद रहे।

## क्राइम मीटिंग में कप्तान के तेवर सख्त अधीनस्थों का छुट्टा पसीना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसी भी विभाग की सफलता में अनुशासन एक महत्वपूर्ण पहलू माना जाता है , अगर किसी विभाग का मुखिया अनुशासन के लिए अगर सख्त कदम उठाता है तो निश्चित वह विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य को संवारने के क्रम की पहली कड़ी माना जाता है वही कार्य मथुरा के पुलिस कप्तान के द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ किया।
एसएसपी श्लोक कुमार ने बुधवार की रात को दूसरी क्राइम मीटिंग ली। इसमें लेट आने वाले थाना प्रभारी निरीक्षकों को सजा के तौर पर रायफल के साथ दौड़ाया। एसएसपी की इस सजा के बाद थाना एवं चौकी प्रभारियों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने लापरवाह थाना एवं चौकी प्रभारियों को पहली और आखिरी चेतावनी भी दी। रात आठ बजे पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी ने क्राइम मीटिंग ली। वह तय समय पर पहुंच गए, लेकिन जैंत, नौहझील, बरसाना और बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक काफी देरी से पहुंचे। क्राइम मीटिंग में देरी से आने वाले चार थाना प्रभारी निरीक्षकों को उन्होंने रायफल के साथ ही सभागार के आगे ग्राउंड में दौड़ा दिया।क्राइम मीटिंग में उन्होंने लापरवाह, जनता की शिकायत की अनदेखी करने वाले, विवेचना समय से न निपटाने वाले अधीनस्थों की जमकर क्लास ली। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि चार्ज संभालने के बाद लगातार मुख्यालय पर फरियादियों की संख्या बढ़ी है। इसका सीधा मतलब है कि उनकी समस्याओं का समाधान थाना एवं चौकी पर नहीं हो रहा है। क्राइम मीटिंग में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय पर यदि कोई वास्तविक फरियादी आया तो थाना, चौकी प्रभारी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल का शुभारंभ किया। जहाँ अनेक लोग सुखेपत्तो को जला कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है वहीं ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार सुखेपत्तो से ब्राउन ब्लैक गोल्ड नाम से जैविक खाद बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि सूखेपत्ते जलाने से प्रकृति और मानव जाति के लिए गम्भीर खतरे पैदा हो रहा है जब आप घास फूस और पत्ते जलाते हैं तो हाइड्रोकार्बन, नाइट्रोजन ऑक्साइड ,मीथेन,और कार्बन मोनोऑक्साइड सहित अनेक उत्तेजक पदार्थ हवा में फैलने से अनेक हानिकारक बीमारियां फैलती है

## डेंगू दिवस: बढी चुनौती, अब वर्षभर रहता है डेंगू का खतरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में गोष्ठी का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाना तभी सार्थक है जबकि हम जनमानस में इस बात जागरूकता लायें कि डेंगू से बचाव हेतु मच्छरों से बचाव करना पहली आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब चुनौती बढ गई है। डेंगू का खतरा अब वर्षभर रहता है, इस लिए प्रयास और तेज करने होंगे। गोष्ठी में उपस्थित सभी मलेरिया कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन तय माइक्रो प्लान के अनुसार समन्वय बनाकर करें। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. हिमांशु मिश्रा द्वारा डेंगू रोग के उन्मूलन हेतु सभी निरोधात्मक गतिविधियां अंतर्विभागीय सहयोग किये जाने की अपील की गई। संचालन करते हुए जिला मलेरिया अधिकारी आर के सिंह के द्वारा वर्ष 2025 के राष्ट्रीय दिवस की थीम देंखें, साफ करें, ढकें, डेंगू को हटाने के उपाय करें पर चर्चा करते हुए डेंगू से बचाव की अपील जनता से की। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह ने कहा कि अपने घरों के आसपास साफसफाई रखें, पानी एकत्रित न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग हमें बीमारियों से बचाता है।

# राया की तिरंगा यात्रा में भाजपा के बड़े नेताओं का जमघट

**तिरंगा यात्रा**

**शौर्य का प्रदर्शन करने पर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिकों को सम्मान में राया में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले को लेकर भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के ग्यारह महत्वपूर्ण ठिकानों को ध्वस्त करने एवं शौर्य का प्रदर्शन करने पर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, विधायक राजेश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने तिरंगा दिखाकर किया। यात्रा मथुरा मार्ग नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग मांट रोड होते हुए नीमगांव चौराहे पर जाकर सम्पन्न हुयी। यात्रा में युवा हाथों में तिरंगा लेकर जोश में भारत माता के जयघोष के साथ चल रहे थे। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, भाजपा राया मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय, अनिल रावत, विशाल पाराशर, राकेश बंसल, पवन अग्रवाल, रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर, अंकुर देवा प्रधान, नितेश पाठक, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। यात्रा कस्बे के नेहरू पार्क से प्रारंभ हुई। कटरा बाजार बचाओ संघर्ष समिति द्वारा तिरंगा यात्रा को कटरा बाजार होकर निकालने का प्रस्ताव था उनका मानना था कि अगर यात्रा बाजार में होकर गुजरेगी तो कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण सिंह सहित भाजपा के विधायक, जिलाध्यक्ष आदि शामिल हैं। अगर यहां होकर निकेलगी तो बाजार फाटक बंद को लेकर चर्चा की जा सकेगी लेकिन भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व अग्रवाल सभा अध्यक्ष राकेश बंसल व संघर्ष समिति सदस्यों में यात्रा को लेकर झड़प हो गई। बाद में भाजपा पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद तिरंगा यात्रा को बाजार से होकर ही ले जाना पड़ा। जिसके बाद बाजार के व्यापारियों ने जगह जगह तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

# विवादित बयान देने वाले एमपी के मंत्री को किया जाए बर्खास्त: भाकियू

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने जांबाज करनल सोफिया कुरैशी पर बीजेपी के मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंत्री की बर्खास्तगी की मांग व कानूनी कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उप जिला अधिकारी को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल वरिष्ठ किसान नेता



प्रयागनाथ चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि बीजेपी के मंत्री ने देश की जांबाज बेटी करनल सोफिया कुरैशी पर जो अभद्र टिप्पणी की है उसकी हम निंदा करते हैं। राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि बीजेपी के मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सलाहकार राहुल दुष्यंत एडवोकेट, महानगर के महासचिव रंजन भाटिया, रामनाथ सिंह बाबा आदि थे।

## श्रम कानून हो प्रो-इंडस्ट्री एवं प्रो-श्रमिक: योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री ने श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक की, मुख्यमंत्री ने कहा- उद्योगों का विस्तार ही हर हाथ को काम देने का वास्तविक माध्यम, बोले मुख्यमंत्री- श्रमिक अड्डों को मॉडल के तौर पर करें विकसित, डोरमेट्रिट, कैंटीन एवं प्रशिक्षण की हो व्यवस्था**

**सेवायोजन**

**श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे।

**बाल श्रमिकों के पुनर्वास को दें गति:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है।

**मॉडल के तौर श्रमिक अड्डों को करें विकसित:** मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

### अटल आवासीय विद्यालय बनें गुणवत्ता का प्रतीक

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अटल आवासीय विद्यालय को देशभर में मॉडल के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इनकी निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करेंमुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 5,97,625 आवेदनों में से 5,90,881 को एनओसी दी जा चुकी है।*

### समावेशी शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ रही सरकार

*टीम एक्शन इंडिया*

*लखनऊ: शारीरिक रूप से अक्षम व आंशिक मंदबुद्धि बच्चों को शिक्षा आमतौर पर अलग विद्यालय व अलग पद्धति से दी जाती है। अभिभावक अपने ऐसे बच्चे को प्रतिष्ठित स्कूल में सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने का सपना नहीं देख सकते। मगर, अब वे सपना ही नहीं देख सकते, बल्कि उसे पूरा भी कर सकते हैं। योगी सरकार की यही कोशिश है, समावेशी शिक्षा, जिसमें बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हों या शारीरिक अथवा मानसिक विकलांगता से पीड़ित, एक ही छत के नीचे उन्हें एक साथ शिक्षा देना। छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए समावेशी शिक्षा प्रणाली को नए आयाम दे रही है।*

## सेना का अपमान: अब मप्र के डिप्टी सीएम देवड़ा की फिसली जुबान



**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया है कि अब प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे विपक्ष को सरकार घेरने का एक और मौका मिल गया है। जबलपुर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान देवड़ा ने कहा, पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। इसे लेकर अब कांग्रेस नेता आक्रामक हो गए हैं और भाजपा पर निशाना साधा है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी है। उन्होंने कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। दरअसल उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का ये विवादित बयान उस समय सामने आया जब वो जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वे पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मोदी की तारीफ कर रहे थे। तभी वो प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए सेना का अपमान कर बैठे। देवड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं।

### डिप्टी सीएम पर कांग्रेस नेताओं ने साधा निशाना

*डिप्टी सीएम देवड़ा का यह बयान सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि देश की सेना का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का विवादित बयान। अब जगदीश देवड़ा बोले पूरा देश, देश की सेना, सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चरणों में नतमस्तक है। भाजपा की सेना के प्रति जो सोच है वो सामने आ रही है।जगदीश देवड़ा के सेना को लेकर दिए बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये है भारतीय सेना के प्रति भाजपा का सम्मान! भाजपा के एक और बड़बोले मंत्री डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना का अपमान करते हुए बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ह्लदेश की शूरवीर सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है ह्व क्या ये हमारे जवानों के शौर्य और बलिदान का अपमान नहीं है ?*

## भारत-पाक तनाव के चलते पर्यटन कारोबार पर बड़ा असर



**सकारात्मक**

**पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ पहल करनी होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच पैदा हुए तनाव से हिमाचल के पर्यटन पर भी काफी असर पड़ा है। इस तनाव के चलते हिमाचल घूमने का कार्यक्रम बना चुके काफी पर्यटकों ने उस समय बड़ी संख्या में बुकिंग रदद कर दी है। ऐसे में पर्यटकों से देवभूमि हिमाचल घूमने आने की अपील की जा रही है।

होटल एवं टूर एंड ट्रेवल के कारोबार से जुड़े राहिल ने शुक्रवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिन पर्यटकों ने कश्मीर घूमने की प्लानिंग कर रखी थी, यदि वे कश्मीर नहीं जा रहे हैं तो हिमाचल घूमने का कार्यक्रम बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिप्रिय हिमाचल की वादियां भी कश्मीर का आभास करवाती हैं। उन्होंने कहा कि मई व जून माह में हिमाचल में पर्यटन सीजन उफान पर होता था, लेकिन इस बार ऐसा अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ पहल करनी होगी, इसमें पर्यटन कारोबार से जुड़े हर वर्ग को आगे आना होगा ताकि पर्यटन को पटरी पर लाया जा सके।

## पंजाब पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

**रैकेट**

**तरनतारन से 85 किलो हेरोइन बरामद, आईएसआई के इशारे पर यूके का हैंडलर चला रहा था पंजाब में रैकेट**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ इस वर्ष की सबसे बड़ी कार्रवाई कर तरनतारन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से 85 किलो हेरोइन बरामद की है। यह नेटवर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में काम कर रहा था। जिसे यूके का ड्रग हैंडलर लल्ली संचालित करता था। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि भारत में इस नेटवर्क के मुख्य संचालक अमृतसर के गांव भिट्टेवाड़ निवासी अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू है। जिसे पुलिस ने गिफ्तार किया था। इस अमरजोत सीमा पार के तस्करों से ड्रग्स की खेप प्राप्त कर उन्हें पंजाब के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करता था। पुलिस ने अमरजोत की गिरफ्तारी के बाद उसके घर पर डापा मारा था। अमरजोत ने इस नेटवर्क का मुख्य ठिकाना बना घर ही बना रखा था। डीजीपी यादव ने बताया कि पुलिस ने उसके ठिकाने से 85 किलो हेरोइन बरामद की है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। डीजीपी ने बताया कि यह नेटवर्क पाकिस्तान से संचालित हो रहा था और इसमें आईएसआई की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। पुलिस नेटवर्क के पिछले और आगे के संबंधों की गहराई से जांच कर रही है।

एसएसपी तरनतारन अभिमन्यु राणा ने बताया कि इस मामले में सक्रियता से और सुरागों की छानबीन की जा रही हैं। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की संभावना है।

## केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की टीम ने किया सर्वे



**निरंतरता**

**पानी को दिशा देकर 3-3 मीटर के फिल्टर के माध्यम से नलकूपों में पुनर्भरण किया जा सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** केन्द्रीय भू-जल बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक राकेश सिंह के नेतृत्व में भू-जल विशेषज्ञों की टीम ने विदिशा जिले के जल स्त्रोतों का सर्वे किया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस तरह के सर्वे प्रदेश भर में कराए जाएंगे। इनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जल स्त्रोतों के रिचार्ज के लिए संरचनाएं बनाई जाएंगी। इस कार्रवाई को मानसून के सक्रिय होने से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी सोनिया परिहार ने शुक्रवार को बताया कि जल गंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश की एकल नल जल योजनाओं के स्रोतों के स्थायित्व और निरंतरता के लिए रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जाना है। गांवों में रिचार्ज संरचनाओं के लिए स्थल चयन की सरल और सहज विधि आवश्यक है। इसके लिए प्रथम चरण में विदिशा जिले के तीन गांवों का चयन किया गया है। इनमें विदिशा विकासखंड का लालाखेड़ी, ग्यारसपुर विकासखंड के सिमरहार और मूडरा गणेशपुर शामिल हैं। सर्वे के लिए वैज्ञानिक सिंह और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की भू-जल विद सलाहकार डॉ. स्वाति जैन ने जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर्स को प्रशिक्षण दिया। गांवों में खनित नलकूपों का वास्तविक सर्वेक्षण कर उनकी गहराई, जलस्तर, केसिंग की जानकारी एकत्रित की गई। ग्रामीणों को रिचार्ज संरचनाओं की उपयोगिता समझाई गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से रिचार्ज का मापदंड, वर्षा जल का प्रभावी रूप से रिचार्ज होना और प्रदूषण रहित जल से भू-जल पुनर्भरण किये जाने के बारे में बताया गया। वैज्ञानिक सिंह ने बताया कि गांव के ढलान के अनुसार पानी को दिशा देकर 3-3 मीटर के फिल्टर के माध्यम से नलकूपों में पुनर्भरण किया जा सकता है।

## नैनीताल चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू की आशंका



**बाहरी संक्रमण**

**चिड़ियाघर में हर तरह के बाहरी संक्रमण के पहुंचने से रोकने के लिये व्यापक प्रबंध किये गये हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद मुख्यालय में स्थित गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान यानी चिड़ियाघर को बर्ड फ्लू के खतरे के दृष्टिगत केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के निदेशों के तहत उच्च सतर्कता पर रखा गया है। चिड़ियाघर में हर तरह के बाहरी संक्रमण के पहुंचने से रोकने के लिये व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

चिड़ियाघर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल में उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू के मामलों के सामने आने बाद नैनीताल चिड़ियाघर प्रशासन ने भी केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के निदेशों पर कई कड़े कदम उठाए हैं। नैनीताल चिड़ियाघर के निदेशक चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि यहां नियुक्त दो पशु चिकित्सक मोनाल, मोर, गिद्ध, उल्लू, तोता सहित देशी-विदेशी पक्षियों और तेंदुआ, बाघ जैसे अन्य प्राणियों के रक्त के नमूने एकत्र कर स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं। पक्षियों में सुस्ती, भूख न लगना, सांस की तकलीफ जैसे लक्षणों पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी टीम गठित की गई है।

## हिमाचल में 18 से 20 मई तक बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट


**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम के तेवर बदलने वाले हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 18 से 20 मई तक राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में ओलावृष्टि, गरज-चमक के साथ बारिश और तुफान को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों विशेषकर किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। तीन दिनों के दौरान राज्य के मध्यवर्ती और ऊपरी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ खासा सक्रिय रहेगा।

**धार्मिक यात्रा**

*भगवान शिव के भक्तों के लिए आदि कैलाश और ओम पर्वत एक महत्वपूर्ण स्थान है*

## आदि कैलाश: जहां भगवान शिव ने किया था तांडव



**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन करने के लिए आदि कैलाश यात्रा आयोजित की जाती है जो एक लोकप्रिय धार्मिक यात्रा होने के साथ ही यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखती है। भगवान शिव के भक्तों के लिए आदि कैलाश और ओम पर्वत एक महत्वपूर्ण स्थान है। मान्यता है कि भगवान शिव माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय के साथ यहां विराजमान हैं।

कहा जाता है कि आदि कैलाश वह स्थान है जहां भगवान शिव ने तांडव नृत्य किया था। साथ ही ऋषि अष्टावक्र को अपना दिव्य रूप दिखाया था। आदि कैलाश का आध्यात्मिक महत्व दुनिया भर से अनुयायियों को आकर्षित करता है।

**पंच कैलाश में से एक**

सनातन मान्यता में पंच कैलाश (5 कैलाश) माने गए हैं। जिनमें कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश, मणि महेश, किन्नौर कैलाश और श्रीखंड महादेव कैलाश शामिल है। इनमें आदि कैलाश को छोटा कैलाश और बाबा कैलाश भी कहा जाता है। कैलाश पर्वत की प्रतिकृति का आदि कैलाश पंच कैलाश में से दूसरा कैलाश है। जोलिंगकोंग माउंट आदि कैलाश का आधार और दृश्य बिंदु है जहां आप ध्यान लगा सकते हैं, यहां चिल्लाने की अनुमति नहीं है। मान्यता है कि भगवान शिव यहां ध्यान करते हैं। आदि कैलाश उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में भारत के अंतिम गांव कुटी के साथ भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित है। इस गांव का नाम पांडवों की मां कुंती के नाम पर रखा गया है। इसे हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। पुराणों के अनुसार, आदि कैलाश भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का मुख्य पड़ाव था, जिसकी उत्पत्ति कैलाश पर्वत मानसरोवर से हुई।

